संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 11 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



इजराइल-हमास के बीच युद्ध के दौरान एक बच्चे को मलबे से निकाल कर बचाया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 272 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22 फीसदी बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपये : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली**: चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 09 अक्टूबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.07 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के सकल कर संग्रह से 17.95 फीसदी अधिक है। वहीं, रिफंड जारी करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.82 फीसदी बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जो बजट अनुमान का 52.50 फीसदी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 09 अक्टूबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.95 फीसदी उछलकर 11.07 लाख करोड़ रुपये रहा है। मंत्रालय के मुताबिक एक अप्रैल से 09 अक्टूबर, 2023 के दौरान 1.50 लाख करोड़ रुपये रिफंड जारी करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.57 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 21.82 फीसदी अधिक है। मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के हवाले से बताया कि प्रत्यक्ष कर संग्रह में कंपनियों की ओर से अधिक अग्रिम कर भुगतान की वजह से यह उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

### पीएम आज उत्तराखंड को देंगे परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली**: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह राज्य को लगभग 4200 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े आठ बजे पिथौरागढ़ जिले के जोलिंगकोंग पहुंचेंगे, जहां वह पार्वती कुंड में पूजा और दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री इस स्थान पर पवित्र आदि-कैलाश से आशीर्वाद भी लेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े नौ बजे पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव पहुंचेंगे, जहां वह स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे और स्थानीय कला और उत्पादों पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। वह सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों के साथ भी बातचीत करेंगे।

# 'खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया'

= खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत की और हौसलाअफजाई की

**देश को गर्व**

8 भारत ने इन खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत कर रहे थे। भारत ने इन खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए 2014 से पहले और बाद में देश के खेल इको सिस्टम में आए बदलाव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले भी देश में योग्यता और जीत के जज्बे की कमी नहीं थी लेकिन खिलाड़ियों को कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। सरकार देश के सपोर्ट इको सिस्टम का कायाकल्प करने में जुटी है। हमारा प्रयास खिलाड़ियों को दुनिया की बेस्ट ट्रेनिंग देना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें देश और विदेश में ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले। इसके अलावा चयन में पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। गांव-देहात में रहने वाले सपोर्ट टैलेंट को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश के खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। टॉप और खेलो इंडिया जैसी योजनाएं गेम चेंजर साबित हुई हैं। इन खेल अभियानों की वजह से कई प्रतिभाएं खोजी गई हैं और इनमें से 40 से ज्यादा ने ही इन एशियाई खेलों में मेडल जीता है। इससे साबित होता है कि यह अभियान सही दिशा में है। इसके तहत 3000 प्रतिभाओं को ट्रेनिंग, कोचिंग, मेडिकल, डाइट और 6 लाख स्कॉलरशिप दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों में देश खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 3 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना की।

**हारने वाले खिलाड़ी निराश न होः पीएम**

प्रधानमंत्री ने इस दौरान जीतने वाले खिलाड़ियों से अपने प्रभाव का उपयोग कर ड्रग्स और डाइट के कुप्रभावों के बारे में युवा खिलाड़ियों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जीत की चाह में कुछ खिलाड़ी गलत रास्ते पर चले जाते हैं, उन्हें सतर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह खिलाड़ियों को आहार के लिए गाइड करें और मिलेट व पोषण मिशन में भी भूमिका निभायें। प्रधानमंत्री ने हारने वाली खिलाड़ियों को निराश नहीं होने और नए प्रयास करने की सीख दी।

**'जज्बा दिखाता है भारत के बेटियों का सामर्थ्य क्या है'**

**पीएम** ने कहा कि उनका जज्बा दर्शाता है कि भारत के बेटियों का सामर्थ्य क्या है। इन खेलों में आधे से ज्यादा पदक महिलाओं ने जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने कम उम्र के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कम उम्र के खिलाड़ियों से एक्सपोर्टिंग नेशन की पहचान बनती है। इससे वह लंबे समय तक देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का खिलाड़ी केवल अच्छे प्रदर्शन तक नहीं बल्कि जीत चाहता है। इसके लिए उन्होंने एक शब्द गोट (जीओएटी) का भी प्रयोग किया, जिसका अर्थ होता है (ग्रेटेस्ट आफ ऑल टाइम)।

# 'तीन वर्षों में एक लाख करोड़ की वित्तीय मदद दे एनसीडीसी'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गृह एवं स**हकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) से तिमाही लक्ष्यों के साथ अगले तीन वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये वार्षिक वितरण लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की है। वह नई दिल्ली में एनसीडीसी की महापरिषद की 89वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**केंद्र की विभिन्न योजनाओं की कार्यान्वयन एजेंसी है एनसीडीसीः** एनसीडीसी केंद्र की विभिन्न योजनाओं की कार्यान्वयन एजेंसी है और सहकारी समितियों को लाभ पहुंचाने के लिए सब्सिडी घटक को ऋण के साथ जोड़कर वित्तीय मदद करता है। निगम द्वारा वर्ष 2022-23 में ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में 41 हजार करोड़ से अधिक की सहायता दी गई है। चालू वर्ष में 2013-14 में वितरित 5,300 करोड़ रुपये से दस गुना वृद्धि प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। अब 2023-2024 के लिए तय किए गए 50 हजार करोड़ रुपये के लक्ष्य को प्राप्त करने जा रहा है। निगम का शुद्ध एनपीए 2022-23 में 99 प्रतिशत से अधिक ऋण वसूली दर के साथ 'शून्य' पर बना हुआ है।

अमित शाह ने कहा कि कम दरों पर कर्ज लेने के उपाय ढूंढने के साथ ब्याज दर कम रखते हुए सहकारिता क्षेत्र को ऋण देना चाहिए।

**आदेश**

8 निगम द्वारा वर्ष 2022-23 में ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में 41 हजार करोड़ से अधिक की सहायता दी गई है



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो में।


### वर्ष 2024 में भारत की वृद्धि दर का 6.3% रहेगीः आईएमएफ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1% से बढ़ाकर 6.3% कर दिया। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्वानुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की विकास दर 6.5% के आसपास रह सकती है।

# 'वामपंथी उग्रवाद से होने वाली हिंसा में 2014 के बाद से लगातार गिरावट'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गृह मंत्रालय** ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि माओवादी हिंसा ने देश के कई हिस्सों में विकास प्रक्रिया को दशकों पीछे धकेल दिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसे नागरिक संस्थाओं और मीडिया को पहचानने की जरूरत है ताकि नक्सलियों पर हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का दबाव बनाया जा सके।

**रिपोर्ट में कही ये बातः** वर्ष 2022-23 के लिए गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह आवश्यक है कि नक्सली इस तथ्य को पहचानें कि 21वीं सदी के भारत की सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक गतिशीलता तथा आकांक्षाएं माओवाद के वैश्विक दृष्टिकोण से बहुत दूर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत सरकार बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाकर इस खतरे से पूर्ण रूप से निपट रही है और परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से होने वाली च्हसा में 2014 के बाद से लगातार गिरावट और इनके प्रसार में काफी कमी देखी गई है। माओवादी नहीं चाहते कि मूलभूत समस्याओं का हल किया जाए क्योंकि वे बड़े पैमाने पर स्कूल भवनों, सड़कों, रेलवे, पुलों, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और संचार सुविधाओं को निशाना बनाते हैं। माओवादी अपनी पुरानी विचारधारा को कायम रखने के लिए अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों की आबादी को हाशिए पर रखना चाहते हैं।



**वार्षिक रिपोर्ट**

8 पहचानने की जरूरत है नक्सलियों पर हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का दबाव बनाया जा सके

**जम्मू-कश्मीर में 32,355 एसपीओ तैनात किए गएः** जम्मू-कश्मीर में 4,153 ग्राम सहायता समूह (वीडीजी) और 32,355 विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) नागरिकों की सुरक्षा और आतंकवाद रोधी अभियानों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, सीमा पार से प्रायोजित और समर्थित आतंकवादी एवं अलगाववादी च्हसा के कारण जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति लगभग तीन दशकों तक प्रभावित थी।

# सिक्किमः सेना के त्रि-शक्ति कोर ने शुरू किया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक/नई दिल्ली**
**भारतीय सेना** की त्रि-शक्ति कोर के जवानों ने उत्तरी सिक्किम में सड़क संपर्क बहाल करने के उद्देश्य से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत सिक्किम में आई प्राकृतिक आपदा के कारण ध्वस्त व क्षतिग्रस्त हुए पुलों और सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक और भारतीय सेना के वरिष्ठ अभियंताओं ने इसके लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण और अनुमानित खर्च का विवरण सहित रिपोर्ट तैयार कर ली है। उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर की रात्रि में बादल फटने और तीस्ता नदी में आई बाढ़ से सिक्किम में भारी तबाही हुई। सड़कों के साथ सिक्किम के 14 पुल टूट चुके हैं। बिजली और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो गई थीं। पर्यटकों सहित हजारों लोग जहां तहां फंस गए थे। प्रारंभिक राहत और बचाव कार्य के बाद अब सभी स्थानों से संपर्क बहाल करना सबसे अधिक जरूरी हो गया था। इसके लिए सेना के त्रि-शक्ति कोर ने अभियान शुरू किया है, जिसमें सैनिकों को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों सहित कई संस्थाओं से सहायता मिल रही है।

# इजराइल के हमले में मारे गए 1500 आतंकी



**टीम एक्शन इंडिया/यरुशलम**
**इजराइल पर हमा**स के हमले और फिर इजराइल की प्रतिक्रिया के बाद युद्ध भयावह रूप ले चुका है। इस युद्ध में दोनों ओर से जवाबी हमले जोरों से चल रहे हैं। इजराइल की सेना ने 1500 हमास आतंकियों को मारे जाने का दावा किया है। साथ ही कहा है कि हमास के आतंकियों को छिपने के लिए कहीं जगह नहीं मिल रही है। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि हमास के आतंकियों के पास गाजा में छिपने के लिए कोई जगह नहीं है। इजराइली वायु सेना हर चार घंटे में फिलिस्तीनी इलाके में हवाई हमले कर रही है। इजराइली सेना ने दक्षिण में बड़े पैमाने पर नियंत्रण हासिल कर लिया है और सीमा पर पूर्ण नियंत्रण भी बहाल हो गया है। सेना के प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने कहा कि इजरायली क्षेत्र में हमास आतंकवादियों के 1,500 शव मिले हैं और सोमवार रात से कोई भी हमास लड़ाका इजराइल में नहीं घुसा है। इजराइली एयरफोर्स के फाइटर जेट ने गाजा पट्टी पर हमास के 500 ठिकानों पर रॉकेट दागे हैं।

**हमास ने दी धमकी, हर हमले पर मारेंगे एक बंदी**

**हमास** भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। हमास ने धमकी दी है कि जब भी इजरायल बिना किसी चेतावनी के किसी फिलिस्तीनी घर पर बमबारी करेगा, तो वह एक इजरायली बंदी को मार डालेगा। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा कि यह युद्ध यहूदी शासन के खिलाफ लोगों की लड़ने की क्षमता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए फिलिस्तीनी नागरिकों को बधाई दी जानी चाहिए।

# आप सांसद संजय सिंह की रिमांड तीन दिन बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** शराब घोटाले के मामले में आरोपी आप सांसद संजय सिंह को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने कोर्ट में संजय सिंह की पांच की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड स्वीकृत की। अब आप सांसद 13 अक्तूबर तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। ईडी ने कोर्ट में कहा कि घूस लेने के नहीं, घूस मांगने के सबूत हैं। शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई।



इससे पहले, संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने सांसद को पांच दिनों की ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड के दौरान सिंह से पूछताछ हुई तो वहीं दूसरी तरफ उनके करीबियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। ईडी ने विवेक त्यागी और सर्वेश मिश्रा को समन जारी कर पूछताछ की। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट के बाहर संजय सिंह के हजारों समर्थक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

**कोर्ट ने भेजा था पांच दिन की रिमांड परः** गिरफ्तार सांसद को 10 तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजा गया था। मामले में ईडी ने 10 दिन की कस्टडी मांगी थी। हालांकि कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए और इसके बाद सिर्फ पांच दिन की रिमांड दी।

**घूस मांगी गई**

8 ईडी ने कोर्ट में कहा कि घूस लेने के नहीं, घूस मांगने के सबूत हैं। शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई

# दिल्ली पुलिस महकमे में फेरबदल, 23 अधिकारियों का तबादला

**टीम एक्शन इंडिया/नई** दिल्ली, दिल्ली पुलिस के 23 पुलिस अधिकारियों का मंगलवार को एक साथ तबादला किया गया है। इनमें 14 आईपीएस अधिकारी जबकि 9 दानिप्स ऑफिसर हैं। ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट में एडिशनल कमिश्नर से लेकर जिलों में और दूसरे विंग में तैनात कई एडिशनल डीसीपी शामिल हैं। साथ ही डीसीपी नॉर्थ और डीसीपी आउटर का भी तबादला किया गया है। न्यू दिल्ली रेंज के एडिशनल सीपी विक्रमजीत सिंह को वेस्टर्न रेंज का एडिशनल सीपी बनाया गया है। ट्रैफिक में तैनात एडिशनल कमिश्नर दीपक पुरोहित को न्यू दिल्ली रेंज का एडिशनल कमिश्नर बनाया गया है। इसी क्रम में वेस्टर्न रेंज में तैनात एडिशनल सीपी चिन्मय बिस्वाल को ट्रैफिक में भेजा गया।

### 'सीबीआई की जांच रिपोर्ट आरटीआर के दायरे में नहीं आता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा के एक पूर्व अधिकारी की याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि किसी मामले के संबंध में सीबीआई की जांच रिपोर्ट को सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि आरटीआई अधिनियम की धारा-8 (1)(एच) सीबीआई की जांच रिपोर्ट की प्रति सार्वजनिक नहीं करने की छूट देती है।

अदालत ने कहा कि अगर ऐसी जानकारी अन्य अपराधियों के हाथों में पड़ती है तो यह निश्चित रूप से चल रही जांच प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करेगी।


**अध्यक्षता** — विभिन्न फ्लैगशिप परियोजनाओं की समीक्षा कर इनके कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए

# राज्य की नीतियों में नए विचारों का किया जाएगा समावेशः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को शिमला में तीन वर्षों बाद आयोजित प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप परियोजनाओं की समीक्षा कर इनके कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना, ई-चार्जिंग स्टेशन, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने उपायुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों को अवैध खनन रोकने के लिए ड्रोन से निगरानी करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न स्थानों पर नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी बल दिया। साथ ही राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, राज्य कर एवं आबकारी तथा वन विभाग के कर्मचारियों की एकीकृत चौकियां स्थापित करने के निर्देश दिए। सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों ने अपने जिलों से सम्बन्धित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के बारे में प्रस्तुति दी और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि युवा अधिकारी नए विचार राज्य सरकार के समक्ष रखें और सरकार अपने कार्यक्रमों एवं नीतियों में इन विचारों को शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि एक अच्छी सरकार के लिए अच्छे प्रशासन का होना आवश्यक है और निडरता, लक्ष्य निर्धारण और लगन के साथ काम करना ही प्रशासनिक क्षमताओं का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन समुचित प्रबन्धन पर भी ध्यान दे और अपने-अपने जिलों में ई-ऑफिस लागू करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त कार्यालय, एसडीएम ऑफिस के साथ ई-ऑफि स प्रणाली के साथ जोड़ें जाएं और सभी कार्यों का निपटारा

ई-फाइल पर करना सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं और पिछले 10 माह के कार्यकाल में इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं।



**सुदृढ़**

8 ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन की अध्यक्षता

# नई शिक्षा नीति तय करेगी देश की दशा और दिशा : सुधा

## केशव सदन क्लस्टर लेवल अधिकारियों की कार्यशाला शुरू, 11 बैचों में भाग लेंगे 22 जिलों के 4500 अधिकारी

**कार्यशाला**

8 नई शिक्षा नीति 2020 एक ऐतिहासिक पहल है जो भविष्य के भारत की की दशा और दिशा तय करेगी

8 इसकी सफलता के लिए सभी पक्षों को मिलजुलकर टीम की तरह कार्य करना चाहिए ताकि भावी पीढ़ी को सुनहरा भविष्य मिले



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 एक ऐतिहासिक पहल है जो भविष्य के भारत की की दशा और दिशा तय करेगी। इसकी सफलता के लिए सभी पक्षों को मिलजुलकर टीम की तरह कार्य करना चाहिए ताकि भावी पीढ़ी को सुनहरा भविष्य मिले और देश विश्वगुरु के रूप में पुनः अपने वैभव को प्राप्त करे।

विधायक सुभाष सुधा मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल थानेसर के केशव सदन हाल में क्लस्टर स्तरीय अधिकारियों की कार्यशाला के उदघाटन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति इस मायने से भी एक ऐतिहासिक दस्तावेज है कि इसके तैयार होने से पूर्व ढाई लाख से अधिक लोगों ने अपने सुझाव दिए तथा इसरो प्रमुख डॉ के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में इसे अंतिम रूप दिया गया। उदघाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने विधायक का स्वागत किया तथा कार्यशाला की जानकारी दी। मंच संचालन सतबीर कौशिक ने किया। इस अवसर पर डीपीसी सन्तोष शर्मा, डिप्टी डीईओ ज्योत्सना मिश्रा, बीईओ इंदु कौशिक, पूर्व डीईओ प्रेम पुनिया, धर्मपाल, निदेशालय से एफएलएन समन्वयक रितेश कुमार, प्रिंसिपल सचिंद्र कोडा, संजय कौशिक, प्यारे लाल, अनिल गर्ग, अनिल कपूर, प्रवीण आर्य, डॉ कृष्णा, डॉ राम मेहर अत्रि आदि उपस्थित थे।

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र प्रारंभ से ही शिक्षा व ज्ञान की भूमि रहा है। यहां भगवान श्री कृष्ण ने गीता का अमर संदेश दिया तो प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय भी कुरुक्षेत्र में बना, जिसने पूरे हरियाणा में शिक्षा का अलख जगाया। मौजूदा सरकार ने कुरुक्षेत्र को देश का पहला आयुष विश्वविद्यालय दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है तथा देश में नई शिक्षा नीति प्रधानमंत्री के इस विजन का प्रमुख अंग है। यह पहली शिक्षा नीति है जिसमें देश के हर वर्ग की राय ली गई है। इस नीति के लागू होने से न केवल शिक्षा बल्कि राष्ट्र की दशा है दिशा में भी परिवर्तन होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शिक्षा को विशेष महत्व दिया है तथा सबसे पहले हरियाणा में नई शिक्षा नीति को लागू किया है। हर जिले में आधुनिक सुविधा से युक्त मॉडल संस्कृति स्कूल बनाए जा रहे हैं तो आधुनिक पीएमश्री स्कूल भी बना जा रहे हैं। सभी प्रिंसिपल व सीआरसी प्रमुखों का इस शिक्षा नीति के सही संचालन में अहम रोल रहेगा और उम्मीद है कि आप सभी इस पूरी निष्ठा से लागू करेंगे। सभी प्रिंसिपल व अधिकारी कुरुक्षेत्र के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण अवश्य करें।

# खैरी के सरकारी स्कूल में विद्यालय स्तर की विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**प्रखर**

8 विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन निश्चित तौर पर इन बच्चों में विज्ञान के प्रति इनकी रुचि को और अधिक प्रखर करेगा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी में विद्यालय स्तर की विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार ने शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने अतिथि के रूप में पधारे उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार तुषार व उनके सहयोगी विजय कुमार ,स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य गुलजार तथा अन्य सभी गणमान्य सदस्यों का स्कूल में पधारने तथा प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया ।अपने अभिभाषण में प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने बताया कि विभाग द्वारा निदेशित विभिन्न पांच विधाओं (पर्यवरण,स्वास्थ्य ,कृषि ,संचार तथा गणित)में कुल पचहत्तर प्रदर्श विद्यार्थियों द्वारा इस प्रतियोगिता में प्रदर्शित किए गए।जिसमे कक्षा नौ से बारह में कुल 43 तथा कक्षा छह से आठ में कुल 32 प्रदर्श तैयार व प्रदर्शित किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के विद्यार्थी कल के वैज्ञानिक और इस देश के भविष्य निर्माता है। विभाग द्वारा इस प्रकार की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन निश्चित तौर पर इन बच्चों में विज्ञान के प्रति इनकी रुचि को और अधिक प्रखर करेगा। निर्णायक मंडल के रूप में विद्यालय की डिंपल (प्राध्यापिका जीव विज्ञान) , पूनम(प्राध्यापिका भौतिक विज्ञान) तथा देवेंद्र कुमार(प्राध्यापक गणित) ने मुख्य भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी , प्रधानाचार्य ,स्टाफ सचिव अनिल चुघ तथा प्रमोद कुमार द्वारा सभी प्रदर्श का निरीक्षण किया गया तथा प्रदर्श से संबंधित जानकारी भी प्रतिभागियों से ली गयी।इसके पश्चात सभी विधाओं में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को मैडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी जी द्वारा उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार तुषार तथा उनके सहयोगी विजय कुमार को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी दया सिंह स्वामी द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सोशल मीडिया के कारण आज की पीढ़ी को रामलीला जैसे मंचन के बारे में कुछ भी मालूम नहीं: संदीप गर्ग

**शुभारंभ**

8 गांव खरींडवा में आयोजित रामलीला के आठवें दिन का शुभारंभ नेता संदीप गर्ग ने किया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहबाद, (दलबीर मलिक)** गांव खरींडवा के शिव शंकर आट क्लब द्वारा आयोजित रामलीला के आठवें दिन नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रिबन काटकर रामलीला का शुभारंभ करवाया गया। वहीं रामलीला के आठवें दिन हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ी गई। क्लब के प्रधान अशोक नरवाल ने बताया कि लगभग 1986 से लगातार रामलीला का मंचन किया जा रहा है। कोरोना काल के कारण दो साल रालीला का आयोजन नहीं हो सका। परंतु पिछले दो साल से रामलीला आयोजित की जा रही है। रामलीला के आठवें दिन समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की गई। वहीं उनके द्वारा रिबन काटकर रामलीला के आठवें दिन का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि आज का समय सोशल मीडिया का हो गया है। जिसके कारण अब आज की पीढ़ी को रामलीला जैसे मंचन के बारे में कुछ भी मालूम नहीं है। उन्होंने कहा कि गांव खरींडवा के शिव शंकर आट क्लब के सदस्य व ग्रामीण धन्य है। जो पिछले काफी वर्षो से अपने गांव में रामलीला के मंचन को करवाकर इस संस्कृति को जिंदा रखने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारे अंदर धार्मिक आस्था बढ़ती हैं और हमारी आज की पीढ़ी को रामायण के बारे में ज्ञान मिलता है। इससे पूर्व क्लब की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आकाश गुप्ता, विकास भारद्वाज, विरेन्द्र सिंगला, राजू कश्यप, लाडी, मामदेव, धर्मवीर ढांडा, सचिन नरवाल आदि मौजूद थे।

# बाइक सवार दो युवकों ने महिला का मंगलसूत्र व मोबाइल छीना

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देवी लाल चौक पर बाइक सवार दो युवकों ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र व मोबाइल फोन छीन लिया। महिला चौक के पास सड़क पार कर ही थी। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। समस्तीपुर बिहार हाल में कपड़ा मार्केट निवासी सीता देवी ने बताया कि वह गांधी चौक स्थित बैंक से अपने कमरे पर आ रही थीं। जब वह देवी लाल चौक के पास पहुंची तो इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उनके गले से सोने का मंगलसूत्र व हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। दोनों झपटमार विपरीत दिशा से गीता भवन चौक की तरफ भाग निकले।

# 'वकीलों के समान की चोरी, सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला छावनी तहसील कंपाउंड मे वकीलों के समान की चोरी व उनको पेश आ रही समस्याओ पर विचार करने व उनके समाधान के लिए प्रयास करने के लिए नागरिक मंच के पदाधिकारियों की मीटिंग सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मंच के मुख्य सयोंजक विकास भटेजा ने कहा कि वकीलों के समान की चोरी होना अम्बाला छावनी की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है। अम्बाला छावनी के वकीलों की समस्याओ को हल करवाने के लिए नागरिक मंच के सदस्य मुख्यमंत्री के नाम जल्द ही ज्ञापन सोपेंगे। मंच के चेयरमैन ओंकार सिंह ने कहाकि कितनी अजीब बात है कि हजारों करोड रुपए खर्च करके अंबाला छावनी का विकास करने का दम भरने वालों को वकीलों की समस्याएं नजर ही नहीं आई। सरकार को तुरंत तहसील में वकीलों के लिए आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवानी चाहिए। मंच के प्रधान ओंकार नाथ परूथी ने कहाकि जिस स्थान पर वकील बैठे है वहाँ बिजली, पानी, शौचालय, सीवर, कैंटीन सहित कोई भी सुविधा उपलब्ध नही है। ग्राउंड की स्थिति इतनी दयनीय है कि बारिश में पानी भर जाता है और क्लाइंट वकीलों तक पहुंच भी नहीं पाते। मंच के वरिष्ठ उपप्रधान बाबू कनोजिया ने कहाकि वकीलों के बैठने के स्थान की दयनीय स्थिति अम्बाला छावनी के विकास की पोल खोलती है। मंच की महिला प्रधान रिया रतरा ने कहाकि कितनी अजीब बात है कि जहां से सरकार को राजस्व प्राप्त होता है वही की स्थिति आधारभूत सुविधा विहीन है।



**उठाया सवाल**

8 वकीलों की समस्याओ को हल करवाने के लिए नागरिक मंच के सदस्य सीएम के नाम जल्द ही ज्ञापन सौंपेंगे

# सेल के पैसे लेकर भाग गया था सेल्समैन, पुलिस ने यूपी से पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़ ।** पेट्रोल पम्प से पैसे लेकर भागने के मामले में थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने आरोपित सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान रसीद अली वासी गांव बरही जिला जालौन यूपी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को उसके गांव क्षेत्र से पकड़ा है। आरोपित कनीना क्षेत्र में पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन के रूप में कार्य करता था और पेट्रोल पम्प से पैसे लेकर भाग गया था। पूछताछ में आरोपित ने पैसे चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्षय वासी गांव सरोहल री. 17/18 जिला गुरुग्राम ने थाना शहर कनीना में शिकायत दर्ज कराई, जिसमे उसने बताया कि मंगलदीप फिलिंग स्टेशन के नाम से उसने पेट्रोल पम्प खोल रखा है।

# सवाना की तकनीक से बम्पर पैदावार ले रहे किसान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर की अनाज मंडी मे धान की फसल किसानों द्वारा लाई जा रही है। कुछ किसान बंपर पैदावार से उत्साहित नजर आए। अंबाला शहर के मटेडी जट्टां निवासी किसान गुरजैंट सिंह ने बताया कि उनके खेतों में इस बार लगभग 42 क्विटंल धान की प्रति एकड पैदावार हुई है तो वही गरनाला के बलजीत सिंह ने बताया कि उन्हें भी लगभग 43 क्विटंल प्रतिएकड की पैदावार करते हुए गांव में एक नया रिकार्ड बना दिया है। उन्होने बताया कि यह सब सवाना की फुलपेज तकनीक का कमाल है।

अंबाला में धान की फसल मण्डियों में आनी शुरू हो गई है। यहां तक कि कुछ किसान तो बम्पर पैदावार से खुश भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले इतनी अधिक पैदावार नहीं हुई है लेकिन इस बार उन्हें बेहतर रिजल्ट देखने को मिले तथा इस तकनीक का प्रयोग करते हुए पानी भी बेहद कम प्रयोग हुआ। साथ ही खेतों में मजदूरों की भी अधिक आवश्यकता नहीं पड़ी।

**किसान खुश**

8 गुरजैंट सिंह ने बताया कि उनके खेतों में इस बार लगभग 42 क्विटंल धान की प्रति एकड पैदावार हुई है

# बाल दिवस पर बाल प्रतियोगिताएं पंचायत भवन में 12 से 19 तक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद अम्बाला द्वारा उपायुक्त एवं अध्यक्ष डॉ शालीन के मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु हर वर्ष की तरह बाल दिवस के उपलक्ष्य में 12 से 19 अक्टूबर तक शहर के पंचायत भवन में जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं ।

यह जानकारी जिला बाल कल्याण अधिकारी शिवानी सूद ने देते हुए बताया कि इनमें सोलो डांस, स्कैचिंग, थाली पूजन, कलश सज्जा, दिया/ मोमबत्ती सज्जा,फन गेम्स, सोलो गीत, पोस्टर मेकिंग, कार्ड मेकिंग, सोलो क्लासिकल डांस, क्ले माडलिंग, रंगोली, देशभक्ति पर आधारित ग्रुप सांग, क्विज कंपीटिशन, ग्रुप डांस, डेक्लामेशन, बैस्ट ड्रामेबाज व फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी व विजेताओं को बाल दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को जोन व राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने का सुअवसर प्राप्त होगा।

# जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी ने रामलीला का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क में सोमवार रात्रि झांसा रोड चौंक वाली जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी की रामलीला शुरू हुई जो 23 अक्तूबर तक लगातार चलेगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान सतीश शर्मा ने बताया कि सोसायटी द्वारा 1937 से रामलीला का मंचन प्राचीन भारतीय शैली में बहुत ही शिक्षाप्रद व मनोरंजक रुप से किया जाता है। बैंड बाजों व भजनों की मधुर ध्वनि के बीच युवा भाजपा नेता रूबल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि रिबन काटकर रामलीला का उदघाटन किया। शारदा रामलीला सोसायटी के स्तंभ विजय गाबा-निवर्तमान पार्षद विमला गाबा व गवर्नमेंट काट्रैक्टर कुलदीप शर्मा गोल्डी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर मां शारदा आरती में हिस्सा लिया जबकि अति विशिष्ट अतिथि कुंटिया प्रधान रजवंत कौर ने पदारोहण की रस्म की। रामलीला सोसायटी के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मुख्यातिथि रूबल शर्मा ने कहा कि रामलीला हमारी प्राचीन सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से हमें समय-समय पर संस्कारों का ज्ञान प्राप्त होता रहता है।

अति विशिष्ट अतिथि रजवंत कौर ने कहा कि सही मायनों में रामलीला को देखना तभी सार्थक होगा, जब हम रामलीला के पात्रों के दिखाए मार्ग का अनुसरण करें। अतिथियों के सम्मान उपरांत मंच पर नारद मोह का मंचन हुआ।



# मुरलीधर डीएवी स्कूल एनएसएस कैंप मे प्रतिभागी बने छात्र

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** एन एस एस राज्य स्तरीय कैंप यमुनानगर (कपाल मोचन) मे आयोजित किया गया। जिसमे मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल के 8 छात्रों ने भाग लिया। सूरज, माधव, अमनजोत, चन्दन, कार्तिक, गुरुसेवक, सुमित,तुषार। इस टीम का नेता सूरज रहा तथा अध्यापक अनमोल मेहता रहे। इस कैंप के माध्यम से छात्रों को वहां बहुत कुछ सीखने को मिला अनुशासन, समय प्रबंधन, एकता समूह मे काम करने की भावना, प्रातः जल्दी उठने की आदत, एक-दूसरे की सहायता करना इत्यादि। छात्रों को वहां बहुत से ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। गुरु हरिदास मंदिर, कपाल मोचन साहिब गुरुद्वारा, गौ बछड़ा घाट, सूरज कुंड, गुरु गोबिंद सिंह संग्रालय इत्यादि। इन सबके माध्यम से छात्रों अपने इन स्थानों का ऐतिहासिक महत्व जानने का अवसर मिला। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। खेल सत्र मे विद्यालय के अध्यापक श्री अनमोल मेहता ने शारीरिक शिक्षा पर एक भाषण दिया। जो छात्रों के लिए बहुत लाभकारी रहा। मैराथन मे भी छात्रों ने भाग लिया। बड़े गर्व का विषय है कि हमारे शिक्षा मंत्री श्री कँवर पाल गुज्जर व एन एस एस अधिकारी श्री दिनेश कुमार ने सभी छात्रों को मैडल, सर्टिफिकेट, पानी की बोतल व टी शर्ट प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य व सहायक क्षेत्र अधिकारी डॉ आर आर सूरी ने छात्रों के आने पर उनको बधाई दी व शुभाशीष दी और कहा कि ये सभी छात्र जो भी कैंप से सीख कर आएं है वे उनके भावी जीवन मे बहुत काम आएगा व उन सबका वे पालन करें और उन्हें जीवन मे ग्रहण करे। इन छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर भी चुनाव हो ऐसी शुभकामनायें दी।

विद्यालय की एन एस एस की इंचार्ज अलका सैनी ने बताया कि इसकी विद्यालय में दो यूनिट चल रही है और समय समय पर यह यूनिट विभिन्न क्रिया-कलाप करते है तथा ये सब गतिविधियां (जिला एन एस एस कार्यक्रम समन्वयक) श्री विजय कुमार की देखरेख मे किये जाते है।





**क्रियाकलाप**

8 इसकी विद्यालय में दो यूनिट चल रही है और समय समय पर यह यूनिट विभिन्न क्रिया-कलाप करते है

# सफेद कबूतरों को छोड़ मानव अधिकार सरंक्षक संघ ने दिया विश्व शांति संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मानव** अधिकार सरंक्षण संघ द्वारा विश्व शांति के उद्देश्य से सफेद कबूतरों को खुली हवा में आजाद किया । संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि विश्व रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव से मुक्त नही हुआ और फलीस्तीन के संगठन हमास और इजरायल के युद्ध के अमानवीय परिणाम सामने हैं । युद्ध में सबसे अधिक मानव अधिकार प्रभावित होते हैं । दोंनो देशों के निर्दोष जनता अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नही कर पाती, और उनको खाने रहने और चिकित्सा के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर रहना पड़ता हैं । संघ का मानना हैं कि वर्तमान समय में विश्व शांति हेतु सभी देशों में वैश्वीकरण ने दुनिया को एक दूसरे से जोड़ते हुए अंतरनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए । वैश्वीकरण के इस दौर में युद्ध, असंतोष, अवसाद, पलायन, पर्यावरणीय असंतुलन संपूर्ण विश्व के समक्ष प्रमुख चुनौती है। इसलिए वर्तमान विश्व की एक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता शांति एवं भाईचारे की स्थापना करना है। युद्ध के जो दृश्य मिडिया के माध्यम से सामने आए है वो मानवता को शर्मसार करने वाले हैं। वर्तमान के हालात की मांग है कि युद्ध क्षेत्रों में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रभावशाली संगठन की आवश्यकता हैं।



# 'हरियाणा के किसानों ने खेती के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में नाम कमाया'

### मुख्यमंत्री ने किसानों से फसल विविधीकरण अपनाने के साथ-साथ फसल गुणवत्ता सुधारने की अपील की, मुख्यमंत्री ने लक्की ड्रा निकाल किसानों को इनाम वितरित किए

**तारीफ**

**8 विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों, खाद-बीज की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की।**





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा किसान प्रधान प्रदेश है। यहाँ के किसानों ने कृषि के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में अपना परचम देश और दुनिया में लहराया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित कृषि मेले के समापन समारोह में किसानों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों, खाद-बीज की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर साल किसानों को नवाचार और तकनीक बारे ज्ञानवर्धन के लिए कृषि मेला आयोजित किया जाता है। किसानों का उत्साह इस मेले के प्रति बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा को किसान प्रधान प्रदेश बताते हुए कहा कि किसानों ने कृषि के क्षेत्र में बहुत तरक़्की कर ली है। किसानों ने नई फसलों के साथ साथ नकदी फसलों की खेती करनी शुरू कर दी है। सरकार भी किसानों को खेती और तकनीक बारे जानकारी देने के साथ उन्हें प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं। किसानों की बदौलत हरियाणा आज तरक्की के मामले में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। खेती हमारी जान है तो पहलवान हमारी शान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों के बेटे-बेटियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। अभी हाल ही में हुए एशियन गेम्स में 30 प्रतिशत मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आधुनिकता का युग है। खेती में नई तकनीक और मशीनीकरण का अत्यधिक प्रयोग हो रहा है। किसानों को अब हाथ से ज्यादा काम नहीं करना पड़ता। आधुनिकता ने किसानों के काम

## किसानों व कृषि उत्थान के लिए तीन पुस्तकों का हुआ

**हरियाणा** कृषि विकास मेले के समापन समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संकलित तीन पुस्तकों का विमोचन किया। यह सभी पुस्तक कृषि तथा किसान उत्थान को लेकर लिखी गई है। इन पुस्तकों में कृषि बागवानी प्राकृतिक खेती फसल उत्पादन बिक्री समेत नवीनतम कृषि तकनीक एवं प्रौद्योगिकी की जानकारी जुटाई गई है ताकि किसान घर बैठे हर प्रकार की जानकारी हासिल कर सके। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना, विधायक जोगीराम सिहाग, विधायक लक्ष्मण नापा, हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष सुभाष बराला, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमेन आदित्य देवीलाल, कृषि विभाग के प्रधान सचिव विजयेन्द्र कुमार, चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर बी आर कंबोज, कृषि विभाग के निदेशक डॉ. नरहरि सिंह बाँगड मौजूद रहे।

## 'एसवाईएल नहर पर हमारे हक पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई'

**मुख्यमंत्री** ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि एसवाईएल नहर पर हमारे हक पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नहर का निर्माण अवश्य होगा। उन्होंने कहा कि एसवाईएल नहर पर आम आदमी पार्टी का दोहरा चेहरा सामने आया है। हरियाणा के किसान दोगली राजनीति करने वालों को समझते हैं और उनकी यह दोगली राजनीति यहाँ नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि एसवाईएल हरियाणा का हक है और इसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर लागू करवाया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सूरजकुंड मेले की तर्ज पर हिसार में भविष्य में किसान मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें कृषि से संबंधित तमाम नवीनतम अनुसंधानों एवं प्रौद्योगिकी की जानकारी किसानों तक पहुंचने का काम किया जाएगा । कृषि क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार द्वारा ठोस सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सेम ग्रस्त भूमि के सुधारीकरण के लिए जितना कार्य पिछले 20 वर्षों में नहीं हुआ उतना कार्य वर्तमान सरकार ने कुछ समय में ही करके दिखाया है। प्रदेश भर में लगभग 8 लाख एकड़ क्षेत्र सेम ग्रस्त है। इस वर्ष 70000 एकड़ भूमि के सुधारीकरण का लक्ष्य रखा गया है। गन्नौर में 2600 करोड रुपए की राशि से 550 एकड़ भूमि पर फसल मंडी का निर्माण किया जाएगा। इस विकास परियोजना के निर्माण के लिए टेंडर हो चुके हैं। इस मंडी के बनने से प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार उपलब्ध होगा। बीमार पशुओं की इलाज के लिए 200 एम्बुलेंस गाड़ियों की खरीद की जाएगी। फिलहाल 70 गाड़ियों की खरीद के ऑर्डर दिए जा चुके हैं।

जींद जिला के मोहनखेड़ा गांव के किसान भरत सिंह को मिला जॉनडियर ट्रैक्टर
मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बटन दबाकर लकी ड्रा के माध्यम से ईनाम निकाले। इसमें जींद जिला के मोहन खेड़ा गांव के किसान भरत सिंह को 750000 रुपए कीमत का जॉनडीयर ट्रैक्टर ईनाम में निकला।

# 'घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली लाइन हटाई जाएगी'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों के घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली लाइन को हटाया जाएगा।
इसके लिए प्रदेश सरकार ने 151 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के आईजी सभागार में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि घरों के ऊपर से गुजरने वाली लाइन की समस्या का समाधान करने के लिए बिजली विभाग को निर्देश जा चुके है। उन्होंने बिजली विभाग से कहा कि भविष्य में बिजली की लाइन के नीचे निर्माण नहीं होने दिया जाये। मुख्यमंत्री ने उतराखंड में हुए हादसे में जान गंवाने वाले नागरिकों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी । इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने रेडक्रॉस की सहायता से दिव्यांगों को दिव्यांग जनसहायक उपकरण भी प्रदान किये। उन्होंने घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादों की स्टाल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा देश का बुजुर्गों को सर्वाधिक पेंशन देने वाला राज्य है। बुजुर्गों की पेंशन में जल्द ही बढ़ौतरी करके तीन हजार रुपये किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के नागरिक को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ते। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से स्वतः ही पेंशन बन रही है। जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मौके पर ही 22 लोगों की पेंशन बनवाकर कार्ड प्रदान किए। जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष दिव्यांग नागरिकों ने जिला में कुछ राशन डिपुओं पर गड़बड़ की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने राशन डिपुओं पर फर्जी राशन कार्ड बनवाकर राशन लेने सहित राशन से जुड़ी अन्य शिकायतों की जाँच एंटी करप्शन ब्यूरो को करने के आदेश दिये।

**राहत**

**8 प्रदेश में नागरिकों के घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली लाइन को हटाया जाएगा**


# खेतों से संसद तकः हरियाणा के 50 किसान उप राष्ट्रपति के साथ करेंगे भोज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भारत** के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि प्रधान राज्य हरियाणा के किसानों की मेहनत और अथक परिश्रम की सराहना करते हुए भव्य नए संसद भवन में राज्य के 50 किसानों को भोज के लिए आमंत्रित किया है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल के नेतृत्व में 50 किसानों का प्रतिनिधिमंडल 13 अक्टूबर, 2023 को नये संसद भवन पहुंचेगा। किसानों के लिए यह एक अभूतपूर्व क्षण होगा, जब भोज के दौरान हरियाणा की कृषि विरासत का एक अनोखा उत्सव देखने को मिलेगा।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला हरियाणा देश के कृषि परिदृश्य में अग्रणी रहा है। विभिन्न नवाचारों, अग्रणी पहलों और किसान कल्याण पर मजबूत फोकस के साथ हमारी सरकार कृषि में क्रांति ला रही है और किसान को 'बीज से बाजार तक' सभी सुविधाएं मुहैया करवाकर उनकी समृद्धि व प्रगति सुनिश्चित कर रही है।

**हरियाणा कृषि विकास मेले के शुभारंभ अवसर पर उप राष्ट्रपति ने दिया था निमंत्रणः** जे पी दलाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 10 अक्टूबर तक तीन दिवसीय आयोजित हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 के शुभारंभ अवसर पर भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ किसानों को आशिर्वाद देने व उनका मार्गदर्शन करने पहुंचे थे।

इस अवसर पर उन्होंने मेले में सम्मानित हुए किसानों को भोज के लिए न्योता दिया था। उपराष्ट्रपति ने किसान मेले की भव्यता को देखते हुए सरकार व किसान भाईयों की सराहना करते हुए कहा था कि हरियाणा के दूध, घी, और दही में कुछ तो खास बात है कि जो कोई न कर पावे, वो करके दिखा देते हैं। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि नए संसद भवन में उप राष्ट्रपति जी के साथ भोज कार्यक्रम केवल भोज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के किसानों के लिए नीति निमार्ताओं के साथ जुड़ने, अपनी अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा करने और एक उज्जवल कृषि भविष्य के लिए सामूहिक रूप से बीज बोने का अवसर भी है।

## न्यूज फ्लैश

### गांव दरड़ के गुरूद्वारे में चोरों ने लगाई सेंध

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के गांव** दरड़ स्थित गुरूद्वारे के गोलक से नकदी चोरी हो गई। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें चार युवक उसे चोरी करते हुए दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार चल रहा है।

गुरूद्वारे के सेवादारों ने बताया कि रात को वह गुरूद्वारे को अच्छे से लॉक लगाकर गए थे। सुबह जब वह गुरूद्वारे में पहुंचे तो दानपात्र का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

वारदात के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो चार आरोपी गुरूद्वारे की पिछली साइड की दीवार से रात करीब 12 बजे अंदर आते दिखे। इसके बाद उन्होंने पूरे गुरूद्वारे को खंगाला। बाद में मुख्य आरोपी ने सरिये से मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और दानपात्र ले जाने की कोशिश की। लेकिन वह उसे उठा नहीं पाया। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसका ताला तोड़ दिय और उसमें से कैश निकालकर फरार हो गए।

थाना सदर पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार चल रहा है। चारों आरोपी गांव घीड के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी अजायब सिंह ने बताया कि आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है कि दानपात्र में कितने पैसे थे और वह पैसे कहां हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
**(मो. नं. : 9813507693)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# 'पराली जलाने की घटनाओं पर लगाए अंकुश'

## मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों को दिए निर्देश

**पानीपत कमाल हुसैन**
**मुख्य सचिव** संजीव कौशल ने मंगलवार को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों से पराली प्रबंधन के सम्बंध में बातचीत करते हुए दिशानिर्देश दिए कि जिला में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर लापरवाही नजर आ रही है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा और ऐसे सभी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।
वीडियो कांफ्रेंस में उपायुक्त ने मुख्य सचिव संजीव कौशल को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला में सम्पूर्ण प्रशासनिक अमला स्वयं इस कार्य में लगा है और साथ ही साथ राजस्व, कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी इस कार्य में लगे हैं। उन्होंने कहा कि धान की पराली के अवशेषों को जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी अधिकारियों को सीधे तौर पर स्पष्टद्द कहा गया है कि वे किसी भी सूरत में इसकी अनदेखी ना करें। उन्होंने मुख्य सचिव को जानकारी देते हुए बताया कि जिला में लगातार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ उनसे मंडियों के गेट पर ही पराली ना जलाने की अण्डरटेकिंग भी ली जा रही है।



यही नहीं पराली जलाने वाले किसानों के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है।
उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी अधिकारी इस काम में कौताही बरतेगा उसे चार्जसीट किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्टद्द निर्देश दिए कि वे पराली जलाने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाएं। पराली ना जलाने व फसल प्रबंधन पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी किसानों को जानकारी दें। उन्होंने सम्बंधित एसडीएम और कृषि अधिकारी को कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखें और फसल अवशेष जलाने वालें लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करें।
उन्होंने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हम सबको सामुहिक प्रयास करने होंगे।
पराली जलाने से बढ़ता प्रदूषण बेहद चिंता का विषय है और यह प्रदूषित वायु मानव जाति के साथ-साथ पशुओं के लिए भी घातक है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने जोन में आने वाले गांवों पर विशेष नजर रखें और टीमों के माध्यम से जानकारी भी प्राप्त करते हैं।
जहां कहीं भी हरसेक सैटेलाईट या अन्य किसी माध्यम से पराली जलाने की सूचना मिलती है तो अधिकारी तुरन्त कार्यवाही करें। इस मौके पर एडीसी वीना हुड्द्डा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम पानीपत नवदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीडीपीओ सुमित चौधरी, डीडीए आदित्य डबास सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार इत्यादि उपस्थित रहे।

## सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा का होगा आयोजन: सोनू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल कार्यकाल में बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए बच्चों के बीच सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा कराई जाएगी।
इस संदर्भ में आज डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल के कार्यालय में डीईओ और बीईओ के साथ मीटिंग हुई। इस परीक्षा का मकसद बच्चों में शुरूआत से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। सोनू नरवाल ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल के दिशा-निदेर्शों के अनुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सडक सुरक्षा क्विज कम्पीटीशन करवाया जाएगा। जिला करनाल में इस प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन कराने लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।
उन्होंने बताया कि अक्तूबर माह में इस क्विज कम्पीटीशन की स्कूल स्तरीय परीक्षा करवाई जाएगी। पहले राउंड की परीक्षा का आयोजन 13 अक्टूबर और दूसरे राउंड की परीक्षा का आयोजन 27 अक्टूबर को करवाया जाएगा।

## गांव कालरों में हुआ निशुल्क चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आयुष विभाग** की ओर से जिले के गाँव कालरों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर तथा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अर्न्तगत आयुष ग्राम प्रोग्राम के तहत प्रत्येक जिले से एक गाँव को चिन्हित कर उसमें आयुष पद्धति के बारे में जनमानस को जागरूक तथा साथ ही साथ आयुष चिकित्सा पद्धति को अपनी जीवनशैली में प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जाना है। आयुष ग्राम प्रोग्राम के लिए जिला करनाल में ग्राम कालरों को चिन्हित किया गया है।

आयुष ग्राम प्रोग्राम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आमजन को मानसिक



स्वास्थ्य बारे जागरूक किया गया तथा साथ ही साथ निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर 82 मरीजों को निःशुल्क दवाईयाँ भी दी गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत भगवान धनवन्तरी की पूजा के साथ की गई। डॉ. धर्मवीर तथा डॉ. विनोद गुप्ता द्वारा रोगियों की जाँच की गई तथा संगीता एवं अशोक कुमार द्वारा निःशुल्क दवाईयों का विरतण किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डॉ. सोनिया द्वारा बताया गया कि डॉ.धर्मवीर सिंह ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक रोगों के लक्षण, घरेलू उपचार, रोकथाम बारे विस्तृत जानकारी दी।
मानसिक रोगों के ईलाज के लिए विभिन्न औषधियों (अश्वगन्धा, वाचा, शंखपुष्पी, ब्राह्मी, जटामनसी इत्यादि) तथा विभिन्न आयुर्वेदिक दवाईयों बारे विस्तार से बताया गया। बच्चों एवं बुजुर्गो के लिए विशेष सावधानी बरतने हेतु आह्वान किया गया। बताया गया कि हमें सफाई का ध्यान रखना चाहिए तथा हमें नित्य प्रति स्नान करना चाहिए।
डॉ.अमित पुंज, प्रियंका तथा अनुराग योग सहायक द्वारा मानसिक रोग में लाभदायक विभिन्न यौगिक क्रियाऐं बारे जानकारी दी गई।

## डंपर की चपेट में आने से प्रवासी मजदूर की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल के** कस्बा तरावड़ी में डंपर की चपेट में आने से एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। घटना रेलवे रोड पर बंसल धर्मकांटा के सामने हुई। मृतक की शिनाख्त हीरालाल यादव निवासी दरभंगा के रूप में हुई है। मृतक चार बेटियों का पिता था। परिवार के पालन पोषण के लिए ही वह करनाल में काम करने के लिए आया हुआ था।
वहीं घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रूम में भिजवाया। आज शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
मृतक हीरा लाल तरावडी की ही एक राइस मिल में मजदूरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि हीरा लाल रेलवे रोड पर कुछ काम के लिए आया था। वह एक डंपर के पीछे था। इस बीच डंपर चालक ने बैक करते हुए हीरा लाल को टक्कर दे मारी। हीरा लाल के पैर टायरों के नीचे कुचले हुए थे। हादसा होता देख आरोपी मौके से फरार हो गया और मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उसने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिसमें पूरी घटना के कारणों का खुलासा हुआ। इसके बाद मजदूर के पास मौजूद थैले की तलाशी ली गई, जिसमें से एक आधार कार्ड बरामद हुआ और इसी के जरिये मृतक की पहचान हो पाई। तरावडी थाना के प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को बीती देर रात मजदूर की मौत की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया।

## प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची के लिये नामों का पंजीकरण 16 तक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची के लिये नामों के पंजीकरण की तारीख बढ़ाकर 16 अक्तूबर तक कर दी गई है। इस कार्य को सुचारू रूप से करने के लिये जिला के हर उपमंडल में निम्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी गांव अनुसार लगाई गई है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र घरौंडा के लिये वहां के पालिका सचिव, बस्ताड़ा के लिये ग्राम सचिव राजेश, जमालपुर, लालुपूरा, अमृतपुरकलां व कैहरवाली के लिये ग्राम सचिव मुलतान, मलिकपुर गादियान, दारूलामा ततारपुर के लिये ग्राम सचिव रामधन, बेगमपुर, शेखपुरा खालसा, पनौडी।

## रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट के थैले से एक लाख हुए चोरी

### दो महिलाओं और एक लडके ने वारदात को दिया अंजाम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया रेलवे से** रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट के एक लाख रुपए चोरी हो गए। आरोपी पैसों से भरे थैले में कट मारकर उसमें से कैश चुराकर फरार हो गए। आरोपियों में 2 महिलाएं थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
यह वारदात चमन गार्डन निवासी वेदपाल के साथ हुई है। वेदपाल को एक लाख रुपऐ दूसरे बैंक में जमा करवाने थे। वह 20 हजार रुपए की नकदी घर से लेकर चले थे और 80 हजार रुपए उन्होंने अपने बैंक से निकाले थे। पैसे निकलवाने के बाद वे पासबुक में एंट्री करवाने के लिए मशीन के पास खड़े थे। पैसे उनके थैले में थे। तभी दो महिलाएं और एक लडका उनके पास खड़े हो गए और उन्हें बातों में उलझा लिया। आरोपी लडके ने कहा कि पासबुक मशीन में नहीं जा रही, शायद कोई गलती है। इसी बात पर वेदपाल मशीन के अंदर पासबुक घुसाने में उलझ गया।
इस बीच दोनों महिलाओं ने थैले को काटकर एक लाख रुपए निकाल लिए। काम इतनी सफाई से किया गया कि बुजुर्ग को शक तक नहीं हुआ। बाद में जब थैले से पैसे गायब मिले तो बुजुर्ग के होश उड गए। उन्होंने पुलिस को सूचित किया।
सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने बैंक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें महिलाओं और लडके की करतूत कैद हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।



**जांच जारी**
**8 आरोपी पैसों से भरे थैले में कट मारकर उसमें से कैश चुराकर फरार हो गए। आरोपियों में 2 महिलाएं थी**

## पराली प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जाएं जागरूक: अनीश

### फसल अवशेष अब बन सकते हैं कमाई का साधन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि फसल अवशेष विशेषकर पराली को लेकर सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को नष्ट नहीं करते हुए किसानों को उनका समुचित प्रबंधन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में अब फसल अवशेष परेशानी ना होकर कमाई का साधन बनता जा रहा हैं और बहुत से किसान व लोग अब फसलों के अवशेष से लाखों रुपए भी कमा रहे हैं। तकनीक के माध्यम से फसलों के अवशेषों का कई प्रकार से प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में किसान फसल अवशेष प्रबंधन करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोई किसान पराली जलाते हुए पाया जाता है, तो ऐसे किसान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए फसल अवशेष का प्रबंधन पहले काफी बड़ी परेशानी होती थी लेकिन अब सरकार द्वारा भी फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ 1 हजार रुपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। उन्होंने कहा कि फसलों के अवशेष को खेतों में जलाने से ना केवल उस जमीन को नुकसान होता था बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित होता है।

डीसी ने कहा कि सरकार ने फसल अवशेष प्रबंधन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कई योजनाएं चलाई और योजनाओं को लेकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है।
सरकार के इस कदम से फसल अवशेष प्रबंधन को बल मिला और आज कई लोग केवल फसल के अवशेषों से ही लाखों रुपए कमा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों में कोई भी आगजनी की घटना ना करें। कृषि विभाग द्वारा किसानों को आई-एसआईटीयू/ईएक्स-एसआईटीयू के लिए एक हजार रूपए प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है।

## सांप काटने से हुई महिला की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव सिंघडा में एक महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। इससे पहले महिला को तबियत बिगड? पर कल्पना चावला मैडिकल कालेज में भर्ती करवाया गया था, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस अस्पताल में पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि मनीषा सोनीपत के बडगांव की रहने वाली थी। सात साल पहले उसकी शादी सिंघडा निवासी मोनू के साथ हुई थी। मंगलवार को मनीषा घर में चाबी रख रही थी और इसी दौरान उसकी उंगली पर सांप ने काट लिया। उसे बस किसी चीज के चुभने का अहसास हुआ। इसे नजरंदाज करती हुई वह खेत में चली गई। वहां उसे चक्कर आने लगे तो वह घर आकर चारपाई पर लेट गई। परिजन उसकी हालत देखकर उसे कल्पना चावला मैडिकल कालेज लेकर पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि सांप अभी भी उनके घर में है। उन्होंने उसे ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिला। जब तक सांप नहीं मिलता, तब तक खतरा बना रहेगा। परिजनों ने स्नैकमैन

## छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में आज एसडी विद्या मंदिर स्कूल नीलोखेड़ी में पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्रों व स्टाफ को साईबर अपराधों बारे जरूरी जानकारी दी व साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए।
साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति को संबोधित करते हुए साइबर थाना करनाल से हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, सिपाही रौनक और सिपाही लवकेश ने साईबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी। उन्होंने बतलया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या



साईट पर दी गई जानकारी को पूर्ण न समझें। साइबर अपराधी आपको पैसे कमाने का, पैसे डबल करने का या अन्य तरीके का प्रलोभन देकर आपकी निजी जानकारी हासिल करते हैं। इसके बाद फोन पर ओटीपी भेजकर या अन्य तरीके से आपके खाते को खाली कर देते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग आपको फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपए का लोन सस्ती दरों पर देने का दावा करते हैं और आपकी जानकारी हासिल कर आपके खाते से रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं। साइबर अपराधी स्मार्ट फोन से मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग व अन्य तरीकों से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे हड़प रहे हैं, जिससे पीडित व्यक्ति को आर्थिक हानि के साथ-साथ कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोई भी व्यक्ति आपको किसी भी तरह का लॉटरी, ईनाम या अन्य चीजे जीतने का प्रलोभन देता है तो आपको समझना चाहिए कि जाल-साज आपके खाते से पैसे हड़पना चाहता है। साइबर अपराधियो के इन सब तरीके के बारे में अपने परिवार को अवगत कराएं व उनको साइबर अपराध बारे जागरुक करें। पुलिस टीम ने बताया कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें और आनलाईन शिकायत दर्ज करवाएं।

# सांसद कौशिक ने समस्याओं का किया समाधान



**जनसमस्या**

**8 संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए समयबद्धता के साथ विभिन्न कार्यों के निपटान के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**ग्रामीणों की** समस्याओं की सुनवाई और समाधान उनके घर द्वार पर ही देने के उद्देश्य से सांसद रमेश कौशिक ने जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए समयबद्धता के साथ विभिन्न कार्यों के निपटान के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रॉपर्टी आईडी, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, बिजली, पानी आदि समस्याओं के समाधान के लिए गांवों में विशेष शिविर लगवाने के निर्देश भी दिए।

जनसंवाद कार्यक्रमों के अंतर्गत सांसद रमेश कौशिक ने गोहाना व सोनीपत खंडों के पांच गांवों में जनसंवाद का आयोजन किया, जिसकी शुरूआत उन्होंने गुहणा से की जबकि समापन मोहाना में किया गया। इस दौरान उन्होंने कासंडी तथा जुआं-1 और रोलद लतीफपुर में भी जनसंवाद कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। कार्यक्रमों के दौरान सरपंचों ने उन्हें मांगपत्र सौंपा। साथ ही ग्रामीणों ने अलग से भी अपनी मांगें व समस्याएं प्रस्तुत की।

सांसद कौशिक ने लगभग समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कुछ मांगों के लिए उन्होंने जांच करवाने की बात कही। मोहाना में उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी ग्रामीण का बिजली का कनेक्शन न काटा जाए। पहले बिजली के बिलों को दुरुस्त करवायें। बिजली के बिल भरने की व्यवस्था भी गांव में ही की जाए। लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। शुद्ध पेयजल, बिजली तथा तालाबों की रिटनिंग वॉल बनवाने व चौपालों की मरम्मत का कार्य करने के लिए भी उन्होंने निर्देश दिए।

जुआं-1 में सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं का निपटारा करते हुए चौकीदार लगवाने की मांग मौके पर ही स्वीकृत करते हुए एसडीएम को निर्देश दिए। गंदे पानी की निकासी, सडक, गलियों व पेयजल की मांग भी उन्होंने पूरी करवाने का भरोसा दिया। गुहणा व कासंडी तथा रोलद लतीफपुर के लिए भी जनसंवाद कार्यक्रम खासा राहत और सौगात भरा रहा। इन गांवों में भी रखी गई अधिकांश मांगें स्वीकारते हुए समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। गुहणा में विशेष रूप से पानी की मांग रखी गई। कासंडी में खेल स्टेडियम में हॉल का निर्माण पूरा करवाने, कम्युनिटी सेंटर का निर्माण तथा पशु अस्पताल, डिस्पेंसरी व राजकीय विद्यालय की बिल्डिंगों का पुर्ननिर्माण करवाने की मांगें प्रस्तुत की गई। सांसद कौशिक ने कहा कि वे स्वयं गांव में आये हैं ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। सांसद के नाते उन्होंने कोई कमी नहीं छोड़ी। राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण, रेलवे के कार्यों ने सोनीपत के विकास को नई दिशा दी है। सांसद ने कहा कि उनका लक्ष्य काम करवाना है। काम करवाने की नियत होनी चाहिए। काम करवाने में वे कभी पीछे नहीं हटे।

# प्रगति हेतु दुनिया में लैंगिक समानता महत्वपूर्ण: भट्टाचार्य



**वर्षगांठ मनाई**

**8 ब्रेकथ्रू, एक ऐसा संगठन है जो हिंसा की अनुमति देने वाली संस्कृति को बदलकर लैंगिक हिंसा को अस्वीकार्य बनाता है**

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरूग्राम।**

**ब्रेकथ्रू, एक** ऐसा संगठन है जो हिंसा की अनुमति देने वाली संस्कृति को बदलकर लैंगिक हिंसा को अस्वीकार्य बनाता है, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव शामिल है ब्रेकथ्रू ने आज अपनी 24 वीं वर्षगांठ मनाई अपनी 24 वीं वर्षगांठ के जश्न के हिस्से के रूप में, ब्रेकथ्रू ने एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम का आयोजन कियो एक दोस्ताना फुटबॉल मैच जहां दिल्ली और हरियाणा की किशोरियों ने मैच में भाग लिया, जबकि किशोरों ने 'तेरी जीत, मेरी जीत!' के उद्घोष के साथ उनका उत्साहवर्धन कियो यह शक्तिशाली संदेश दशार्ता है कि एक की जीत सभी के लिए जीत है, और एक साथ, वे बाधाओं को तोड़ रहे हैं और सांस्कृतिक मानदंडों को फिर से आकार दे रहे हैं। इस मैच ने दुनिया भर में किशोरियों और महिलाओं की ताकत और लचीलेपन के प्रमाण के रूप में कार्य किया और विशेष रूप से महिलाओं और किशोरियों के लिए,जीवन के सभी पहलुओं में समान अवसरों के महत्व को रेखांकित किया। वर्ष 1999 में स्थापित, ब्रेकथ्रू महिलाओं और किशोरियों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव को बनाए रखने वाले सांस्कृतिक मानदंडों को बदलने में सबसे आगे रहा है। पिछले दो दशकों में, संगठन ने शिक्षा, सामुदायिक जुड़ाव, मीडिया जुड़ाव और प्रणाली को मजबूत करने वाले बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में पर्याप्त प्रगति की है।

ब्रेकथ्रू की सीईओ सोहिनी भट्टाचार्य ने कहाः "लैंगिक हिंसा और भेदभाव जारी है क्योंकि सामाजिक मानदंड कहते हैं कि उनके अस्तित्व के लिए ठीक है। समान अवसरों और पूर्ति की दुनिया बनाने का मतलब है कि ऐसे सामाजिक मानदंडों को बदलने के लिए आगे बढ़ाने के प्रयास करनो यही कारण है कि ब्रेकथ्रू सरकारी स्कूलों और समुदायों में लाखों किशोरों के साथ काम करता है,लैंगिक दृष्टिकोण और विश्वासों को आकार देने में मदद करता है, इससे पहले कि वे उन व्यवहारों में बदल जाएं जिन्हें बदलना मुश्किल होता है। ब्रेकथ्रू संस्कृति को बदलने वाले मानदंडों में युवाओं को एक-दूसरे का समर्थन करने के तरीके सीखने में मदद करके, आकांक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें बातचीत कौशल सिखाने से जो सपनों को वास्तविकता में बदल सकते हैं, एक पीढ़ीगत बदलाव को सक्षम कर रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने रोहतक खेल शिविर की घोषणा की

**रोहतक।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल 13 से 15 अक्टूबर, 2023 तक शिखर धवन की दा वन स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एक्शन-पैक्ड खेल शिविर के लिए तैयारी कर रहा है। इस खेल शिविर में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स और तैराकी के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जायेंगे। दा वन - शिखर धवन की कंपनी के प्रशिक्षक इन कोचिंग सत्रों का नेतृत्व करेंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रतिभागियों को शीर्ष स्तर का मार्गदर्शन मिले। यह शिविर स्कूल के समय में और स्कूल के बाद दोनों समय आयोजित किया जाएगा, जिससे सीखने के लिए उत्साहित प्रतिभागियों को ज्यादा मौका मिलेगा।इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली एक मास्टर क्लास है जो गीता फोगट के साथ होगी ।उपस्थित लोगों को गीता फोगट के नेतृत्व में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए फिटनेस प्रशिक्षण पर एक मास्टरक्लास देखने का सौभाग्य मिलेगा।

ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की वी.पी एकेडेमिक्स, सुधा राजमोहन, इस कार्यशाला के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहती हैं, "यह हमारे छात्रों के लिए शीर्ष स्तर की कोचिंग प्राप्त करने और गीता फोगट जैसे खेल आइकन के साथ प्रत्यक्ष बातचीत करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस पर जोर देते हुए समग्र शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सबूत है।हम आशा करते हैं कि सभी प्रतिभागियों के लिए यह एक रोमांचक और समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा।" यह शिविर रोहतक के आसपास के सभी छात्रों के लिए खुला है।

### इन्वेस्टमेंट रोड शो का आयोजन किया

**करनाल।** सुषमा ग्रुप ने करनाल में कुणाल रियल्टी के सहयोग से एक इन्वेस्टमेंट रोड शो का आयोजन किया। रोड शो के माध्यम से करनाल में रियल एस्टेट में रुचि रखने वाले, इन्वेस्टर्स और होम बायर्स को एक साथ लेकर आए। इस समारोह में लोगों को बेहतर इन्वेस्टमेंट के अवसरों और स्पॉट बुकिंग की जानकारी देने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इस रोड शो में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स की एक प्रभावशाली श्रृंखला प्रस्तुत की गई। रोड शो को लोगों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें कई लोगों ने इन उभरते टियर 2 बाजारों में विकास और समृद्धि की संभावना को पहचाना। सभी इनवेस्टमेंट समारोह में पहुंचे लोगों ने अपने प्रश्न रखे और प्रोजेक्ट्स की डिटेल में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर सुषमा ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रतीक मित्तल ने उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि "करनाल में हमारे इनवेस्टमेंट रोड शो को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने से हम रोमांचित हैं।

सुषमा ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रतीक मित्तल ने उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि "हम करनाल में हमारे इनवेस्टमेंट रोड शो को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने से रोमांचित हैं। कुणाल रियल्टी के साथ हमारी साझेदारी और समर्पण को दशार्ती है। ग्राहकों को असाधारण अवसर प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम ने इन क्षेत्रों के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करने और अपने मूल्यवान ग्राहकों को विशेष लाभ प्रदान किया। हम आगामी समय में भी इस प्रकार के आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। लोगों की प्रतिक्रिया सकारात्मक मिली है। यह यात्रा जारी रहेगी और खरीदारों के सपने पूरे करते रहेंगे।

### सैमसंग ने अपना फ्लैगशिप पोर्टेबल एसएसडी टी9 लॉन्च किया

**नोएडा ।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपना नवीनतम एक्सटर्नल स्टोरेज डिवाइस, पोर्टेबल सॉलिड- स्टेट ड्राइव (एसएसडी) टी 9 प्रस्तुत किया है। यह 4TB तक का स्टोरेज ऑप्शन देता है, जो फॉस्ट डेटा ट्रांसफर स्पीड और भरपूर स्टोरेज क्षमता प्रदान करता है, साथ ही यह यूजर्स को जरुरी विश्वसनीयता और सुविधा भी सुनिश्चित करता है।

आकर्षक डिजाइन के अलावा, टी9 लाइटनिंग-फॉस्ट यू एस बी 3.2 जन 2x2 इंटरफेस से लैस है, और जो रीड/राइट की 2,000 MB/s तक की स्पीड के साथ अधिक प्रोडक्टिविटी प्रदान करता है।

यह T9 को कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक चिंता-मुक्त पसंद बनाता है, जिससे किएटीविटी के लिए समय बचता है। पुनीत सेठी, वाइस प्रेजीडेंट, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक इंटरप्राइज बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा ह्लहाई-रिजॉल्यूशन कंटेंट परिदृश्य में, टी9 उन प्रोफेशनलों के लिए मुफीद है जो डेटा मैनेजमेंट, बड़ी फाइलों को ट्रांसफर करने, ड्यूरेबिलिटी और परफार्मेंस जैसी चुनौतियों का समाधान तलाश रहे हैं। सैमसंग का पोर्टेबल एसएसडी टी9 डेटा चुनौतियों का समाधान करके और उनकी क्रिएटिव आकांक्षाओं को बढ़ाने वाले मेमोरी समाधान प्रदान करके आधुनिक कंटेंट निमार्ताओं को सशक्त बनाता है।

# पीजीटी कंप्यूटर साइंस प्राध्यापकों की लिखित परीक्षा जल्द करवाने हेतु सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**पी०जी०टी० कंप्यूटर** साइंस प्राध्यापकों की लिखित परीक्षा जल्द करवाने एवं भर्ती प्रक्रिया शुरू करवाने की मांग को लेकर सैंकड़ो आवेदनकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को ज्ञापन सौंपा। राजीव जैन ने हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन अलोक वर्मा से फोन पर बात कर समस्या का समाधान करवाने का आग्रह किया।

ज्ञापन में लिखा है कि इन पोस्टों के लिए पुरे प्रदेश से 8 हजार आवेदकों ने आवेदन किया हुआ है और पिछले चार वर्षों से भर्ती होने का इंतजार कर रहे हैं और देर होने के कारण कई आवेदकों की उम्र भी निकल चुकी है। ज्ञापन में लिखा है कि इन पोस्टों के लिए पहले हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा 26 अगस्त 2019 को विज्ञापन दिया गया था परन्तु बाद में 2022 में यह कहकर भर्ती रद्द कर दी कि अब यह भर्ती हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग ने पत्र जारी किया कि परीक्षा का पैटर्न ऑब्जेक्टिव रहेगा परन्तु बाद में फिर पैटर्न सब्जेक्टिव कर दिया। सभी अभ्यर्थी परीक्षा की तैयारी में जुट गए थे कि एक अक्टूबर को लोक सेवा आयोग ने पात्र जारी कर दिया कि कोर्ट केस के चलते फिर परीक्षा सथगित कर दी गई।

# विजया समूह ने धूमधाम से मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**मंगलवार को** विजया स्कूल की तीनों शाखों में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस बहुत उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रमों का प्रयोजन किया गया। कक्षा पहली से पांचवी ग्रेटिट्यूड कार्ड मेकिंग, छठी से आठवीं पोस्टर मेकिंग और कक्षा नौवीं से बारवीं स्लोगन राइटिंग का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में अलग-अलग कार्यक्रमों द्वारा जैसे की डांस,नाटक, गीत वह भूषण द्वारा अपने और अपनों के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे अच्छा रख सकते हैं इस बारे में बच्चों को बताया गया। बच्चों ने बच्चों ने पूरे जोश से योग और मेडिटेशन किया।

# साईबर जागरुकता माह के तहत पुलिस की साईबर जागरुकता पाठशाला जारी




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**पुलिस महानिदेशक** हरियाणा शत्रुजीत कपूर के कुशल मार्गदर्शन एवं एजीडीपी साइबर हरियाणा ओपी सिंह के दिशा-निर्देश में हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधो बारे आमजन को जागरुक करने के लिए अक्टूबर माह को साईबर जागरुकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। कुरुक्षेत्र पुलिस भी पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्गदर्शन में आमजन को साइबर जागरूकता का पाठ पढ़ाने में जुटी है।

अभियान के तहत 10 अक्टूबर 2023 को पुलिस पुलिस की विभिन्न टीमो ने जिला में अलग-अलग स्थानों पर आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरुकता संदेश दिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीमों ने शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर जाकर साईबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरुक किया। टूरिस्ट चौंकी प्रभारी उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने ब्रह्म सरोवर एरिया में साईबर जागरुकता माह के तहत आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया।

# पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने सुनी लोगों की शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़** । पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक महेंद्रगढ़ में फरियादियों की जन शिकायतें सुनी व मौके पर निस्तारण भी किया तथा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक लोगों की शिकायत सुनने के लिए सप्ताह में मंगलवार को स्पेशल महेन्द्रगढ़ जाते हैं। इससे महेंद्रगढ़ क्षेत्र के आसपास के लोगों को काफी मदद मिली है।

# नगर निगम ने सारंग रोड की मरम्मत और निर्माण का कार्य शुरू किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मंगलवार को** मेयर निखिल मदान वार्ड नं 11 में सारंग रोड पर पहुंचे। मेयर ने निगम पार्षद इंदु वलेचा, निगम अधिकारियों और स्थानीय दुकानदारों के साथ मिलकर सारंग रोड के निर्माण और मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर रमेश आर्य ने नारियल फोड़कर कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

मेयर निखिल मदान ने बताया की नगर निगम द्वारा कुछ समय पहले इस सड़क पर नई सीवरेज लाइन डाली गई थी। उस कार्य के पूरा होने के बाद आज सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया गया है। आज नगर निगम द्वारा 74 लाख की लागत से कार्य को शुरू किया गया है। इस कार्य में रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे (हांडा अस्पताल ) से लेकर दयाल चौक तक सड़क की सी सी से मरम्मत की जाएगी एवं मास्टिक पद्धति से सड़क को ढकने का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क के दोनों औ नए सिरे से इंटरलाकिंग टाइल्स बिछाई जाएगी। नगर निगम के अधीन आने वाली अधिकांश सड़कें बन चुकी है , बाकी सभी सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जल्द ही आई टी आई चौक वाली सड़क और पुरखास जटवाड़ा सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद इंदु वलेचा,संजीव वलेचा,जोगिंदर वर्मा,सत्यवीर निर्माण,देवेंद्र वर्मा,फकीर चंद,रविंद्र,निगम सह अभियंता सोमवीर सिंह, विकास वर्मा,पवन मलिक,योगेश मेहता,वीरेंद्र वर्मा,मुकेश वर्मा,आनंद पटवा,राजिंद्र,राजेश दहिया,विनोद प्रधान,राम धन वर्मा,रमेश आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# सच्ची श्रद्धा से मन में जो भी इच्छा हो जरूर होती है पूरीः जवाहर



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**हैदराबादी रामलीला** के सभी सदस्यों की एक बैठक रामलीला की तयारियो को लेकर मंदिर के प्रधान कोटू जुनेजा की अध्यक्षता में बुलायी गई! जिसके अंदर सभी सदस्यों ने रामलीला के मंचन को लेकर अपनी अपनी सेवाये सँभाली! रामलीला के डायरेक्टर जवाहर जुनेजा ने बताया की हैदराबादी रामलीला स्टेज पर आज भी भगवान राम की लीला को बहुत ही मयार्दा और भावुकता के साथ दिखाया जाता है! इस मंच पर कोई भी व्यक्ति अपने मन की जो भी इच्छा लेकर आता है भगवान राम उसकी मनोकामना जरूर पूरी करते है! सभा के सचिव पंकज आहूजा ने बताया कि आने वाली 12 अक्तूबर को हनुमान जी का ध्वज फहराकर रामलीला का आगाज किया जाएगा और 13 अक्तूबर से भगवान की सुंदर लीला प्रारंभ होगी और 17 अक्तूबर को भगवान श्री राम जी की भव्ये बरात श्री राम मंदिर से निकाली जायेगी! स्वर्ण सिंह टोनी ने बताया कि राम मंदिर सभा के प्रधान कोटू जुनेजा पिछले 30 सालों से सुपनखा का रोल करते आ रहे है और सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी हनुमान का रोल कर रहे है! सभा के चेयरमैन जवाहर जुनेजा आज भी हर रोल के अंदर सेट हो जाते है मुख्य रूप से वह केवट और भरत का रोल निभा रहे है और डायरेक्टर भूषण वाधवा दशरथ का रोल अदा कर रहे है ! राम मंदिर की नींव रखने वाले उस्ताद नंद लाल के पोते सोहन रेवड़ी सभी कलाकारों का मेकअप करने की सेवा निभा रहे है ! इस बैठक में मुख्य रूप से प्रधान कोटू जुनेजा, दिनेश खुराना , कृष्ण रेवड़ी, जवाहर जुनेजा, शक्ति सिंह रेवड़ी , धर्मवीर नंदवानी, बलराज मेंहदीरता, खरैती लाल नारंग ,महावीर दल प्रधान विजय सहगल, मदन बाँगा, रमेश बाँगा, गोपी बाँगा, सोहन रेवड़ी, पंकज आहूजा , शशि चुघ, दीपक कालरा, गोल्डी बाँगा , रवि आहूजा, मन्नु आहूजा, शम्मी आहूजा मुख्य रूप से मोजूद रहे !


# 'जल्द बनेगा जिला कांग्रेस का बूथ स्तर तक संगठन'

## इसके लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है: संजय महाराज



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाए गए कुरुक्षेत्र जिला कॉर्डिनेटर संजय महाराज ने कहा है कि बहुत जल्द कुरूक्षेत्र जिला में बूथ स्तर तक संगठन बनाया जाएगा। इसके लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। इसको लेकर उन्होने कुरुक्षेत्र की पंजाबी धर्मशाला में कार्यकताओं की एक बैठक बुलाई। बैठक मे पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, लाडवा विधायक मेवा सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कॉर्डिनेटर बनाए गए जगदीश राठी समेत जिला भर के कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। संजय महाराज ने बातचीत करते हुए कहा कि जल्द ही जिला के साथ-साथ विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष बनाए जाएंगें। संगठन के बनने से पार्टी पहले से भी ज्यादा मजबूती के साथ उभरेगी। संजय महाराज ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि सभी कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए जी जान से कार्य करना है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की जान है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभक्त पार्टी रही है। देश की आजादी की लडाई में कांग्रेस के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। संजय महाराज ने कहा कि देश को मोदी सरकार से छुटकारा दिलवाना है और रूके पड़े विकास को फिर से शुरू करवाना है। जिला कॉर्डिनेटर ने कहा कि वे रोजाना कांग्रेस भवन कुरूक्षेत्र मे कार्यकताओं से मिलेंगें। कोई भी कार्यकर्ता उनसे आकर मिल सकता है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पण भाव से कार्य करता है।

# श्री सायं काल रामलीला (लैय्या सभा) पानीपत रामलीला के लिए हुई झंडा रस्म



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,कमाल हुसैन**

**हरियाणा** के पानीपत की सबसे महशूर ऐतिहासिक लैय्या सभा की रामलीला के लिए झंडा रस्म का आयोजन धूमधाम से किया गया। रामलीला कमेटी के प्रधान परम वीर ढींगड़ा की अगवाई में महंत अरूण दास महाराज(हरिद्वार), कांता देवी महाराज अध्यक्ष श्री प्रेम मंदिर ने सबसे पहले आईबीएल कॉलेज में झंडा पूजन की विधिवत रस्म निभाई और रामलीला के झंडे को स्थापित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथी कॉन्ग्रेस नेता बुल्ले शाह, चिंटू विज, विकास पाहवा रहे।

# सरकारी स्कूलों में लागू होगा विंटर एक्शन प्लान

## प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि स्कूलों में समय-समय पर पानी का छिड़काव किया जाए, पटाखों पर प्रतिबंध रहेगा

**सांसें हैं जरूरी**

8 स्कूल में हरित क्षेत्र व पौधरोपण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को जागरुक किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विंटर एक्शन प्लान लागू किया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने इसे लेकर सभी सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि स्कूलों में समय-समय पर पानी का छिड़काव किया जाए, पटाखों पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं, स्कूल में हरित क्षेत्र व पौधरोपण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण पर विद्यार्थियों को जागरुक करने के साथ-साथ ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) को पालन किया जाए।

**सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट:** दिल्ली-एनसीआर में एक अक्टूबर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू है। इसके बावजूद धड़ल्ले से ग्रेप के नियम टूट रहे हैं, लेकिन एजेंसियां इसके प्रति सजग नजर नहीं आ रही हैं। ताजा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज मंगलवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर रिपोर्ट मांगी है।

**प्रदूषण फैलाने पर छह पर 10.85 लाख का लगाया जुर्माना:** उधर, गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर निगम समेत छह पर वायु प्रदूषण फैलाने पर 10.85 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में वसूला जाएगा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्र ने बताया कि वसुंधरा सेक्टर तीन की गार्डेनिया ग्लैमर सोसाइटी फेज-एक पर बिना एनओसी जेनरेटर सेट चलाने पर 10.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एनजीटी के नियमानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क वसूला जाएगा। नगर निगम पर कूड़ा जलाकर प्रदूषण फैलाने पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। निर्माण व तोड़ने की गतिविधियां से प्रदूषण फैलाने पर वैशाली सेक्टर चार के प्लाट नंबर 285 बी, प्लान नंबर 289 व 294 पर के मालिक पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साहिबाबाद साइट चार प्लाट नंबर सात/दो में निर्माण कार्य कर प्रदूषण फैलाने पर भी 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उनका कहना है कि प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।






### निर्माण स्थल पर धूल नियंत्रण से संबंधित कई अनियमितताएं पाईं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार दिल्ली में धूल प्रदूषण रोकने को लेकर लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कड़कड़डूमा स्थित एनबीसीसी प्रोजेक्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थल पर धूल नियंत्रण से संबंधित कई अनियमितताएं पाईं। मौके पर ही उन्होंने डीपीसीसी को निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि कंस्ट्रक्शन साइटों पर डस्ट कंट्रोल के लिए जारी 14 नियमों को लागू करना आवश्यक है। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्माण साइट्स का लगातार निरीक्षण का निर्देश दिया गया है। एनबीसीसी प्रोजेक्ट स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत गोपाल राय ने बताया कि निर्माण साइट पर पर्यावरण के नियमों का सही से पालन नहीं किया जा रहा है।

# 'वर्ल्ड कप मैच' पर रोहिणी में ऑनलाइन सट्टा', दो गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वर्ल्ड कप के** शुरू होते ही सट्टेबाज भी सक्रिय हो गए हैं। रोहिणी जिले के. एन काटजू मार्ग थाना पुलिस ने एक ऑनलाइन रैकेट का पदार्फाश करते हुए दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लैपटॉप और आधा दर्जन मोबाइल आदि बरामद किया गया है। डीसीपी रोहिणी डॉ. गुरविंदर सिंह सिद्धू ने बताया यह ऑनलाइन सट्टा श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के क्रिकेट मैच का है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों की पहचान सरबजीत और अनुभव के रूप में हुई है। ये दोनों रोहिणी के रहने वाले हैं। इनमें से एक सरबजीत जिम ट्रेनर के रूप में काम करता था। अनुभव खारी बावली की ड्राई फ्रूट दुकान पर काम करता था। इनके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत थाने में मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि रोहिणी सेक्टर 16 में वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच पर सट्टा चल रहा है। वहां पर एसीपी प्रशांत विहार की देखरेख में पुलिस टीम ने छापा मारा तो एक कमरे से इन दोनों सट्टेबाजों को धर दबोचा। वहां पर सट्टे में इस्तेमाल किया जा रहा लैपटॉप और आधा दर्जन मोबाइल भी मिले, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया।

# तंजानिया की राष्ट्रपति को जेएनयू ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित

**सम्मान**

8 भारत-तंजानिया संबंधों को बढ़ावा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए यह सम्मान दिया गया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने मंगलवार को विशेष दीक्षांत समारोह में तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। भारत-तंजानिया संबंधों को बढ़ावा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए यह सम्मान दिया गया। मानद उपाधि से सम्मानित किए जाने पर संयुक्त गणराज्य तंजानिया की राष्ट्रपति हसन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जेएनयू को इसके पूर्व छात्र डॉ. एस. जयशंकर और निर्मला सीतारमण के साथ जेएनयू परिवार में शामिल होने का सौभाग्य प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, यह सम्मान उनकी स्मृति में हमेशा अंकित रहेगा क्योंकि यह किसी विदेशी देश में उनके लिए पहला पुरस्कार है।इस मौके पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि तंजानिया की राष्ट्रपति को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान करना भारत के लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा, शिक्षा और क्षमता निर्माण भारत-तंजानिया संबंधों के महत्वपूर्ण पहलू हैं। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जेएनयू के चांसलर कंवल सिब्बल, जेएनयू की कुलपति प्रोफेसर शांतिश्री डी. पंडित सहित अन्य गणमान्य उपस्थिति थे।

# राघव ने निलंबन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा से निलंबन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राघव चड्ढा को 11 अगस्त को निलंबित किया गया था। पांच सांसदों की सहमति के बिना उनका नाम सेलेक्ट कमेटी के लिए प्रस्तावित करने के आरोप में उन्हें निलंबित किया गया था। मामला अभी विशेषाधिकार कमेटी के पास है। राघव ने निलंबन को गलत बताया है। इस मामले मे पांच सांसदों का दावा था कि दिल्ली सेवा विधेयक को उनकी सहमति के बिना सेलेक्ट कमेटी को भेजने के प्रस्ताव पर उनके नाम का उल्लेख किया गया था। यह प्रस्ताव आप सांसद राघव चड्ढा ने पेश किया था, जिसमें सांसद चड्ढा पर फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप है। इसके विरोध दर्ज कराने वाले सदस्यों में से तीन बीजेपी के सांसद हैं।

# छठ पर्व पर दिल्ली में घोषित करें ड्राई डे, कांग्रेसियों ने एलजी से की मांग




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात कर 19 नवंबर को छठ पर्व पर ड्राई डे घोषित करने मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में आप सरकार और दिल्ली नगर निगम की लापरवाही के चलते तेजी से फैल रहे डेंगू एवं अन्य बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवरात्रों, रामलीला व दुर्गा पूजा के मौके पर सभी धार्मिक स्थलों की सफाई व्यवस्था, बिजली एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की।

**एलजी ने दिया आश्वासन:** एलजी ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं की बातों को आधे घंटे तक गंभीरता से सुना और तीनों मुद्दों पर तुरंत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में लवली के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान तथा पूर्व विधायक मुकेश शर्मा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विस्तार से एलजी से इन तीनों मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजधानी में पूर्वांचल वासियों में इस बात को लेकर जबरदस्त गुस्सा है कि जानबूझ कर आबकारी विभाग ने छठ पर्व पर ड्राई डे घोषित नहीं किया जबकि पिछले वर्ष ऐसी व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि यदि तुरंत छठ पर्व पर ड्राई डे घोषित नहीं हुआ तो कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर भी आएगी। मुकेश शर्मा ने एलजी को एक अन्य पत्र सौंपकर विकास पुरी बुढेला स्थित नेताजी सुभाष वाटिका की दुर्दशा को लेकर सुधारने की भी मांग। एलजी ने इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।

# यहूदियों के लिए बने मंदिर खबाद हाउस की सुरक्षा बढ़ी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इजराइल और फिलस्तीन की जंग के बीच राजधानी दिल्ली के पहाड़गंज में स्थित यहूदियों के लिए बने मंदिर "खबाद हाउस" की सुरक्षा को पुलिस ने घेरे में ले लिया है। यहां पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। रात में भी पुलिस टीम की तैनाती की गई है। पता चला है कि पहाड़गंज में होटलों में ठहरे इजराइली पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस को अलर्ट किया गया है।

इस संबंध में पूछे जाने पर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस के संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर अपने स्तर से हर स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कोई भी इजराइल का टूरिस्ट दिल्ली आता है तो वह पहाड़गंज स्थित खबाद हाउस में जरूर जाता है।

# उपराज्यपाल ने दी 13 साल पुराने मामले में अरुंधति रॉय के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति

**एक्शन**

8 राजद्रोह का भी मामला बनता है सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत इससे जुड़ी धारा 124ए के तहत मंजूरी नहीं दी गई है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भड़काऊ भाषण देने के 13 साल पुराने मामले में लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (नई दिल्ली) की अदालत के 27 नवंबर, 2010 के आदेश के तहत मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय राजधानी में एक सार्वजनिक समारोह में उनके भाषणों के लिए रॉय और हुसैन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत अपराध करने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। बयान में आगे कहा गया है कि इसमें राजद्रोह का भी मामला बनता है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत इससे जुड़ी धारा 124ए के तहत मंजूरी नहीं दी गई है।

आजादी - एकमात्र रास्ता के बैनर तले 21 अक्टूबर, 2010 को एलटीजी ऑडिटोरियम, कॉपरनिक्स मार्ग, दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**शिकायत की थी**

8 भड़काऊ भाषण देने के आरोप में कई लोगों के खिलाफ दिल्ली के तिलक मार्ग के एसएचओ के पास शिकायत दर्ज कराई थी

सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने इस कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में कई लोगों के खिलाफ दिल्ली के तिलक मार्ग के एसएचओ के पास शिकायत दर्ज कराई थी।

इससे दो अन्य आरोपित कश्मीरी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी और दिल्ली विश्वविद्यालय के व्याख्याता सैयद अब्दुल रहमान गिलानी की मौत हो चुकी है।

# सिक्किम में फंसे लोगों की मदद के लिए इस्कॉन की टीम रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सिक्किम के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में फंसे लोगों की मदद के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन (एनडीआरएफ) और सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) के साथ सेना भी जुटी हुई है। पर्यटकों को वहां से निकालने के साथ ही उनके लिए भोजन-पानी और दवा का भी इंतजाम किया गया है। अब यहां पर फंसे लोगों की मदद के लिए इस्कॉन प्रबंधन भी पहुंच गया है। इस्कॉन भिक्षु और स्वयंसेवक सिक्किम में ताजा भोजन और अन्य आवश्यकताओं के लिए शिविर शुरू करेंगे। इस्कॉन के राष्ट्रीय संचार निदेशक युद्धिष्ठिर गोविंद दास ने बताया कि सिक्किम में इस्कॉन की तरफ से प्रतिदिन 500 प्लेट भोजन की व्यवस्था की जाएगी। लॉजिस्टिक चुनौतियों के कारण सिलीगुड़ी से राशन तैयार कर वाहनों के माध्यम से भेजा जाएगा। कोविड महामारी के दौरान इस्कॉन द्वारा फ्रंट लाइन कार्यकताओं, कोविड रोगियों और हेल्थकेयर कर्मचारियों के लिए 5 करोड़ प्लेट से अधिक भोजन उपलब्ध कराया गया था।



**मदद**

8 इस्कॉन भिक्षु और स्वयंसेवक सिक्किम में ताजा भोजन और अन्य आवश्यकताओं के लिए शिविर शुरू करेंगे

# गाड़ी चलाने वालों के लिए खबर: पीयूसी नहीं है तो हो जाएं सावधान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रदूषण का** स्तर खराब होने के साथ ही परिवहन विभाग प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कदम उठाने के लिए सक्रिय हो गया है। गाड़ियों के धुएं से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए विभाग ने दो दिन पहले प्रवर्तन यूनिट की 60 से ज्यादा टीमों को अलग-अलग जगहों पर तैनात कर दिया है। ताकि जिन गाड़ियों के पास अधिकृत प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र नहीं हैं, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सके। दिल्ली में पंजीकृत 23 लाख से ज्यादा गाड़ियां ऐसी हैं, जिनके पीयूसी प्रमाणपत्र अमान्य हो चुके हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ विभाग ने अब कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की टीमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों की भी जांच करने जा रही हैं। विभाग ने इसके भी निर्देश दे दिए हैं। परिवहन विभाग ने उन सभी वाहन चालकों को एसएमएस के जरिए नोटिस भेजना शुरू कर दिया है, जिनके पीयूसी की वैधता खत्म हो चुकी है।




**हफ्ते भर के अंदर करवा लें अपने वाहन की पीयूसी जांच:** ऐसे लोगों को चेतावनी दी जा रही है कि अगर उन्होंने हफ्ते भर के अंदर अपने वाहन की पीयूसी जांच करवा के पीयूसी प्रमाणपत्र का नवीनीकरण नहीं कराया, तो फिर उन्हें 10-10 हजार रुपये के जुर्माने के चालान भेजे जाएंगे। परिवहन विभाग यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि इनमें से कितनी गाड़ियां ऐसी हैं, जो वास्तव में बिना पीयूसी के सड़कों पर चल रही हैं। सबसे पहले ऐसी ही गाड़ियों के खिलाफ ही कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पेट्रोल पंपों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि ऐसे लोग अगर अपनी गाड़ियों में पेट्रोल भराने के लिए जाएं, तो उनके खिलाफ वहीं पर एक्शन लिया जा सके। परिवहन विभाग के अनुसार जिन 23 लाख गाड़ियों के पीयूसी प्रमाणपत्र की उम्र पूरी हो चुकी है, उनमें से करीब 19 लाख दो पहिया हैं, जबकि साढ़े तीन लाख चार पहिया और बाकी अन्य व्यावसायिक वाहन हैं।

**प्रतिबंध के बावजूद चल रहे पुराने वाहन:** इसे देखते हुए प्रवर्तन टीमों को खासतौर से यह हिदायत दी गई है कि वे पुराने नंबरों वाले दो पहिया पर भी कड़ी नजर रखें और पेट्रोल पंपों व अन्य जगहों पर उनके पीयूसी प्रमाणपत्र चेक करें।

इसके अलावा प्रतिबंध के बाद भी दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन चल रहे हैं, जो प्रदूषण का बड़ा कारण बन रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो दिल्ली में बसें बढ़ाने के साथ साथ उन्हें व्यवस्थित करने की भी जरूरत है जिससे कि लोगों को पता हो कि किस बस स्टैंड पर किस रूट की कितने बजे बस आ रही है। लोग जब मेट्रो से उतरें तो उन्हें उनके घर तक जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिल सके।

### प्रवर्तन विंग की 44 टीमें की गई तैनात

**ऐसे** माहौल में लोग अपने निजी वाहन त्याग कर सार्वजनिक वाहनों की ओर रुख करेंगे। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बस लेन एनफोर्समेंट के लिए चिह्नित किए गए 22 कॉरिडोर्स पर प्रवर्तन विंग की 44 टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें चार पहिया गाड़ियों के जरिए इन कारिडोर्स पर पेट्रोलिंग करके यह देखेंगी कि बसें व अन्य भारी वाहन अपनी लेंन में चलें और उनकी वजह से कहीं पर भी यातायात जाम पैदा ना हो।

# छात्राओं के कपड़े बदलते हुए विडियो बनाने के मामले का हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**आदेश**

8 पर्याप्त सुरक्षा उपाय किया जाना जरूरी है, ताकि किसी भी डर के बगैर छात्राएं ऐसे आयोजनों में भाग ले सकें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेंडेजवस** उत्सव के दौरान भारती कॉलेज की विभिन्न छात्राओं के वाशरूम में कपड़े बदलते हुए वीडिया बनाने के मामले का हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने कहा कि अदालत की राय में पर्याप्त सुरक्षा उपाय किया जाना जरूरी है, ताकि इस तरह के कृत्यों का सामना करने के किसी भी डर के बगैर छात्राएं ऐसे आयोजनों में भाग ले सकें।

**इस तरह के प्रकरण से पीड़ित छात्राएं हैं परेशान:** अदालत ने कहा कि इस तरह के प्रकरण से पीड़ित छात्राएं परेशान हैं और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे वीडियो के प्रसार और इसके दुरुपयोग ने स्वाभाविक रूप से उनकी चिंताएं बढ़ा दी हैं। दिल्ली-ठउफक्षेत्र में कालेजों या विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित विभिन्न उत्सवों में महिला प्रतिभागियों के सुरक्षा उल्लंघनों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया। अदालत ने दिल्ली विश्वविद्यालय, आइआइटी-दिल्ली और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### अतिरिक्त उपायुक्त ने सरकारी स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अतिरिक्त उपायुक्त** अपराजिता ने पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यिम विद्यालय साहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों व अन्य व्यवस्थाओं बारे जानकारी हासिल की। इस मौके पर उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए यहां पर स्थापित किए गये आईईडी सैंटर का भी जायजा लिया। इसके साथ-साथ उन्होंने आंगनवाड़ी सैंटर का भी निरीक्षण करते हुए बच्चों को जो खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाती उसके बारे भी जानकारी ली। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यिम विद्यालय, साहा का निरीक्षण करते हुए यहां पर कितने विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उन्हें क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने लाईब्रेरी में जाकर विद्यार्थियों के लिए कौन-कौन सी पुस्तकें उपलब्ध हैं उसकी भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत और बेहतर तरीके से सफाई हो सके, इसके लिए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के क्रम में अतिरिक्त उपायुक्त ने स्कूल में ही स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए जो सैंटर बनाया गया था उसका भी जायजा लिया। दिव्यांग बच्चों के लिए यहां पर क्या सुविधा उपलब्ध है, इसकी सम्बन्धित से जानकारी हासिल करते हुए समीक्षा भी की। आंगनवाड़ी सैंटर का निरीक्षण करते हुए कितने बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्र में आते हैं, उन्हें शैडयूल के मुताबिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है, उसकी भी जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि हमें विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवानी है ताकि वे जीवन में आगे बढकर अपने जीवन रूपी लक्ष्य को हासिल कर सकें। इस मौके पर डिप्टी डीईओ रेणू अग्रवाल के साथ-साथ स्कूल का अन्य स्टाफगण व अन्य मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण कार्यों को लेकर विज ने ली अधिकारियों के साथ बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शास्त्री कालोनी स्थित अपने निवास स्थान पर नगर परिषद अम्बाला छावनी व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए सदर क्षेत्र के तहत जो सडकों का नवीनीकरण किया जाना है उस बारे समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सडकों का निर्माण तीव्र गति से पूरी गुणवत्ता के साथ करवाना सुनिश्चित करें।
गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता से सडकों के नवीनीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की और सम्बन्धित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि वे सडकों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करवाना सुनिश्चित करें। त्यौहारों से पहले काम शुरू हो जाना चाहिए तथा कोशिश करें कि रात के समय में सडकों का निर्माण किया जाए क्योंकि इस समय बाजार बंद होते हैं। यहां बता दें कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से अम्बाला छावनी सदर क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में करोडों रुपए की लागत से सडकों का निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। इसके साथ-साथ गृह मंत्री ने नगर परिषद के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि निकलसन रोड़ की तर्ज पर अन्य बाजारों में भी लाईटें लगे और डिवाईडरों पर भी इसे लगाने का काम किया जाए। इस कार्य के लिए भी 50 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है।
उन्होंने यह भी कहा कि लघु सचिवालय अम्बाला छावनी में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाई जानी है जिसके लिए उन्होंने बीते कल लघु सचिवालय का दौरा भी किया था और जिस स्थान पर इसे लगाया जाना है उस स्थान बारे भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मूर्ति के नजदीक लाईटें भी लगानी सुनिश्चित करनी है ताकि रात के समय भी यह मूर्ति दिख सके।
बैठक के दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता मनदीप ने गृहमंत्री को नाईट फूड मार्किट, पार्कों की मैंटेनैस के साथ-साथ अन्य चल रहे कार्यों बारे भी जानकारी दी।
गृहमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिए कि पार्कों की मैंटेनैस के लिए रैजिडैंस वैल्फेयर एसोसिएशन को प्रेरित करते हुए उनका रजिस्ट्रेशन करवाएं। ऐसा होने से पार्कों का रख-रखाव बेहतर तरीके से हो सकता है। इस मौके पर एचएसआईडीसी से आए अधिकारियों से गृहमंत्री ने लोजैस्टिक हब बनाए जाने के कार्य की भी जानकारी हासिल की। सम्बन्धित अधिकारी ने नक्शे के माध्यम से इस परियोजना की रूपरेखा बारे उन्हें जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए ई-भूमि के माध्यम से इसे पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।
बॉक्स:- इस मौके पर एचएसआईडीसी के अंतर्गत आने वाले इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शहर के बीचों-बीच डोमैस्टिक एयरपोर्ट की सौगात दिए जाने के लिए गृहमंत्री का दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि डोमैस्टिक एयरपोर्ट बनने से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, उद्योगपति सुगमता से एक दिन में ही यहां पर आकर वापिस जा सकेंगे। इस दौरान एसोसिएशन से आशीष तायल, सुरेश धीमान, साहिल जैन, संयम जैन, रवि जाम व अन्य ने गृहमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर यह सौगात देने के लिए उनका धन्यवाद किया।
बॉक्स:- गृहमंत्री ने बैठक के दौरान इंडस्ट्रीज के लोगों को यह भी कहा कि जुलाई माह में अत्याधिक वर्षा होने व बाढ़ के चलते उद्योगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# 'मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में जल आपूर्ति का प्रमुख केन्द्र'

## न्यूनतम समर्थन मूल्य और वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित जिलों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
**केंद्रीय गृह एवं** सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में टिहरी के नरेन्द्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 24वीं बैठक आयोजित की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्यों के योगदान पर बात करते हुए कहा कि ये राज्य देश में जल आपूर्ति का प्रमुख केन्द्र हैं, इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। परिषद में शामिल राज्यों पर बात करते हुए उन्होंने आगे कहा कि ये राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के पथ-प्रदर्शन में आज क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर एक्शन प्लेटफॉर्म के रूप में कारगर साबित हुई है। पूरा देश जानता है कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। शाह का स्पष्ट मानना है कि इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती है।

**मंथन**

**8 मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है।**



बैठक में पांच किमी के दायरे में हर गांव तक बैंकिंग सुविधा, देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस) के गठन, रॉयल्टी और खनन संबंधित मुद्दों, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, करने वाले दिग्गज नेता शाह ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है।
यह देखा गया है कि अमित शाह ने हमेशा समस्याओं का समाधान निकालने, वित्तीय समावेशन बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। यही वजह है कि अमृत काल में शाह की नीतियों के तहत मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने मोदी जी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारने का अभूतपूर्व काम किया है। गौरतलब है कि 2004 से 2014 तक क्षेत्रीय परिषदों की 11 और स्थायी समितियों की 14 बैठकें हुईं, जबकि 2014 से 2023 तक क्षेत्रीय परिषदों की 25 और स्थायी समितियों की 29 बैठकें हुई हैं। इसके अलावा 2004 से 2014 के बीच कुल 570 मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें से 448 को सुलझा लिया गया, जबकि 2014 से 2023 के बीच कुल 1315 मुद्दों पर चर्चा हुई जिनमें से 1157 मुद्दों को सुलझा लिया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद के साथ ही केंद्रीय गृह सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सभी सदस्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्री लिखने में मनमाने पैसे वसूलने पर किसानों ने की प्रशासन से अर्जीनवीसों पर रोक लगाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय किसान** यूनियन की (अ) ग्रुप की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष बलजीत की अध्यक्षता में हुई। जिसमे किसानों की समस्याओं को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए सरकार से समाधान की मांग की। किसानों ने गांवों से निकलने वाले गन्दे पानी की निकासी का अलग से समाधान किया जाना चाहिए ताकि पशुओं वाले तालाब को गंदा व पशुओं को बीमार होने से बचाया जा सके। दूसरे प्रस्ताव में किसानों ने कहा कि तहसील में रजिस्ट्री लिखने वाले अर्जीनवीसों की फीस निर्धारित जाए ताकि वे मनमाने ढंग से पैसे न वसूल सके। अगवानपुर फाटक पर निमार्णाधीन अंडरब्रिज में भरे बरसात के पानी की निकासी करवाई जाए ताकि दुपहिया वाहन चालक आसानी से निकल सके। मशीन द्वारा कटवाए गए धान की पुराली जलाने पर कार्रवाई नही की जाए, बची हुई पुराली जलाना किसानों की मजबूरी है। जी टी रोड से गांव भूर्री जाने वाली सड़क को बनवाया जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन अ के ब्लाकध्यक्ष बलजीत सिंह, ओम प्रकाश, मास्टर अजीत, रमेश, जयभगवान, प्रकाश आदि मौजूद थे।



## कार्यालय से दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल लेकर नौकर फरार

**गन्नौर। बडी** गांव में कार्यालय पर काम करने वाला नौकर दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। मालिक ने चोरी की शिकायत बडी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में भोड़वाल माजरी निवासी मनीष ने बताया कि अपने दोस्त पलवल निवासी मोनू के साथ बडी गांव में मनीष इंजिनियरिंग वर्क्स के नाम से कार्यालय बना रखा है। उस कार्यायल पर खाना बनाने के लिए सौरभ नाम के लड़के को रखा हुआ है। 8 अक्टूबर को उसने दो लाख रुपये गददे के नीचे रखे और जल्दी सो गया। रात को करीब 10 बजे उठा तो उसका नौकर सौरभ गायब था और दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल भी गायब थी। उन्होने अपने स्तर पर सौरभ की तलाश की, लेकिन कहीं पता नही चला।

## फिजिओथेरेपी शिविर में बढ़ती उम्र में होने वाली तकलीफों से राहत को लेकर जागरूक किया

### थैरेपी सेंटर के चिकित्सक बलजीत के नेतृत्व में ग्रामीणों की थैरेपी की

**गन्नौर।**
**गांव जाहरी** में निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सोनीपत थैरेपी सेंटर के चिकित्सक बलजीत के नेतृत्व में प्रवीन, खुशबू, विनोद, निशा ने रोगियों की जांच की और आवश्यकतानुसार फिजिओथेरेपी से संबधित जानकारी भी दी। डा. बलजीत ने कहा कि बदलते मौसम में होने वाली शारीरिक परेशानियां, विटामिन की कमी से होने वाली परेशानी, कोरोना संक्रमण की चपेट में आने के बाद उसके शरीर पर पड़े नकारात्मक प्रभाव और बढ़ती उम्र में होने वाली तकलीफों से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हड्डी रोग निवारण एवं फिजियोथेरेपी कैंप लगाया गया। विभिन्न तरह की हड्डी की व्याधियों के रोगी के अलावा कुछ ऐसे मामले भी सामने आए जिनके उपचार के जिम्मेदारी चिकित्सकों ने ली। डा. बलजीत ने कहा कि जनहित में शिविर लगाने का उद्देश्य है कि लोगों को पता लगे कि सरवाइकल, कमर दर्द, पेट की सभी बीमारियां, घुटने दर्द, ड्प्रेशन बिना दवाई ठीक हो जाती हैं। सभी प्रकार की बीमारियों में लाभ मिलता है।



# अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर लगाया सेल्फी प्वाइंट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भारत सरकार** द्वारा अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर सेल्फी प्वाइंट को इंस्टॉल्ड किया गया है। इस का मुख्य मकसद युवाओं को स्किल्ड के बारे में जागरूक करना है। इस तरह के तीन सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं जो की अंबाला के अलावा चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन और सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर लगाए गए है ।
जानकारी देते हुए अंबाला मंडल के सीनियर डीसीएम नवीन कुमार ने बताया कि रेलवे द्वारा तीन बड़े स्टेशनों पर ये सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं उन्होंने बताया की ये भारत सरकार की स्किल डेवलपमेंट के लिए पॉलिसी है। उसके प्रमोशन के लिए युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ये इस लिए रेलवे स्टेशन पर लगाया गया है ताकि स्किल डेवलपमेंट पॉलिसी के बारे में आने जाने वाले लोगों को पता चल सके।
उन्होंने कहा कि इसके लगने से एक तरफ जहां स्टेशन की सुंदरता में चार चांद लगे है तो दूसरी तरफ लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी भी मिलती है क्योंकि हजारों लोग हर रोज रेल में सफर करते हैं और इसका मुख्य उद्देश्य भी यही है की लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में पता चल सके। रेलवे स्टेशन पर यह सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है। आने जाने वाले लोग यहां पर खड़े होकर सेल्फी ले रहे है। सरकार के इस फैसले की लोगों ने बहुत सराहना की है। लोगों का कहना है कि इससे युवाओं को रोजगार के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। इसके लिए युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह देश के युवाओं के बारे में सोचते है। आज बाहर से युवा भारत में आ रहे है जबकि पहले युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के कारण आज देश की अर्थ व्यवस्था भी काफी अच्छी हुई है। लोगों का कहना है कि इससे लोगों को स्किल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।




**जागरूक होंगे**

**8 इस सेल्फी प्वाईंट का मुख्य मकसद युवाओं को स्किल्ड के बारे में जागरूक करना है**

## महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा का निमंत्रण दिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत पालिका** बाजार, जवाहर मार्किट और गुड़ मंडी में महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के साथी गण 15 अक्टूबर को होने वाली महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा का निमंत्रण देने पहुंचे ' इस दौरान समाजसेवी संजय अग्रवाल ने मेन बाजार की सभी दुकानों पर जाकर सभी को महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया वहीं सभी दुकानदारों को बताया कि आने वाली 15 अक्टूबर को पानीपत के ऐतिहासिक देवी मंदिर से दोपहर 2:00 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जो की पानीपत की बाजारों से होती हुई महाराजा अग्रसेन चौक पर पहुंचेगी इस यात्रा में 18 सफेद घोड़े होगें जिन पर महाराजा अग्रसेन जी के 18 पुत्रों के नाम से बने 18 गोत्रों के युवक व युवतियां यात्रा की अगवाई करेंगी। यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए भारत का नंबर वन जिया बैंड भी शामिल होगा। वही नासिक ढोल नगाड़ों के साथ भगवान श्री गणेश जी, भगवान शिव, भगवान राम और मां सीता, भगवान बाला जी हनुमान जी,अग्रवाल समाज की कुलदेवी मां लक्ष्मी एवं अग्रवाल समाज के कुल देवता महाराजा अग्रसेन जी का स्वरूप यात्रा में शामिल होगा। इस यात्रा के दौरान सभी साथियों को भगवा रंग की पगड़ी बांधी जाएगी। इस यात्रा में अग्रवाल समाज के लगभग 5 हजार के करीब बड़े बुजुर्ग युवा साथी एवं महिलाएं शामिल होंगी। वहीं समाजसेवी संजय अग्रवाल ने सभी दुकानदारों को निमंत्रण देते हुए कहा कि इस यात्रा में 36 बिरादरी शामिल होकर महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा की शोभा बढ़ाइएगी। इस दौरान सुरेंद्र गर्ग, सोनम गोयल,प्रभा गर्ग,नकुल जैन, अंकित गहलौत, अंकुश ढिंगिया,संदीप,संजय मास्टर,मनीष आदि साथी मौजूद रहे।

## बेगा रोड दुकान से हजारों रुपएं का सामान चोरी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**बेगा रोड** स्थित दुकान से चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दुकान मालिक ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बेगा रोड निवासी रमेश ने बताया कि रमेश इलैक्ट्रीक के नाम से बेगा रोड पर उसकी दुकान है। वह मोटर, पंखे बांधने का काम करता है। 8-9 अक्टूबर की रात को चोर उसकी दुकान से ताला तोड़कर 48 टेयर वायर, 6 बडी टेयर वायर, 6 सिलिंग फैन, 1 टुलु पंप, 1 समरशिबल की मोटर, सिंगर मोटर, 5 किलो सकरेप कोपर, 1 फराटा पंखा, 8 पंखे स्टार्टर, 1 एगजोस्ट फैन, 14 किलो छोटी टेयर कोपर, 6 टेयर मोटी कोपर चुरा ले गए। चोरी से उसे लगभग 81500 रुपये का नुकसान हुआ है। बडी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने बज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 125 फीट ऊंचे रावण के पुतले का बराड़ा में होगा दहन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** शहर के निकटवर्ती कस्बा अंबाला के बराड़ा में इस बार भी दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रबंधन समिति के तजेन्द्र चौहान ने बताया कि इस वर्ष 125 फीट का रावण का पूतला यहां बनाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि इसे बनाने में 3 महीने का समय लगा है। 25 कारीगर दिनरात यहां पर रावण के पूतले को बनाने में जुटे हुए है। रिमोट कंट्रोल द्वारा रावण के पूतले का दहन दशहरे पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रावण के पूतले के निर्माण पर लगभग 18 लाख रुपए का खर्चा आ रहा है। इस दौरान इको फरेंडली आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज सेवियों को सहयोग से यह कार्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि 24 अक्तूबर को यह कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बराड़ा के रावण का पूतला अपनी विश्व प्रसिद्ध उंचाई के लिए 5 बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा चुका है तथा एक बार गिनिज बुक आफ वर्ड रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करवा चुका है। उन्होंने बताया कि कई रिकॉर्ड बराड़ा रावण के पूतले के नाम पर दर्ज है। उन्होंने कहा कि रावण के निर्माण पर 25 क्विंटल लौहा लगा है तथा 320 के लगभग बांसों का प्रयोग किया गया है। 2000 मीटर कपड़े से रावण की पौशाक तैयार की गई है। भारी बरकम रावण के पूतले को स्थापित करने के लिए कई क्रेनो का भी प्रयोग किया जाता है।



# मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी वर्कर यूनियन ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** गर्वमेंट पी डब्लयू डी मकैनिकल वर्कर यूनियन ने प्रदर्शन किया और कहा कि फील्ड कर्मचारियों को शीघ्र ही पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है।
उन्होंने कहा कि पदों को समाप्त करने की सिफारिशों को वापिस लिया जाए, विभाग में नहरों, राजवाहों, ड्रेनेज के विस्तार को देखते हुए नए पद सृजित करवाए जाए। सेवाएं नियमित करने व समान काम समान वेतन भत्ते की सुविधाएं दी जाएं। जीएसटी के नाम पर अवैध कटौती बंद की जाए। पारदर्शी तरीके से समय पर वेतन का भुगतान हो। आकस्मिक अवकाश, चिकित्सा अवकाश आदि सुविधा उपलब्ध करवाई जाएं। इसके साथ ही उन्होंने विभाग में कार्यरत कैनाल गार्ड की शैक्षणिक योग्यता व शारीरिक मापदण्ड को देखते हुए फॉरेस्ट गार्ड की तर्ज पर तृतीय श्रेणी का कर्मचारी माना जाए। गेज रिडर व मेट का पद पदोन्नत होने के कारण तृतीय श्रेणी कर्मचारी माना जाए।
विभाग में कार्यरत नवन्युक्त कार्यरत ग्रुप -घ के कर्मचारियों को कॉमन सिनियोरटी में राहत देते हुए विभागीय अमले में शामिल कर विभागीय सेवा नियमों के तहत ढील दी जाए। ग्रुप डी के पदोन्नति के सभी अधिकारी अधीक्षक अभियंताओं को दिए जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी पेशन स्कीम को फिर से लागू किया जाए। सभी कर्मचारियों को एलटीसी का भुगतान हो जोखिम भरा कार्य करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता भी दिय जाए। बाढ़ सीजन में कार्यरत कर्मचारियों को खुला यात्रा भत्ता दिया जाना चाहिए।
उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कर्मचारी पिछले कई वर्षों से अपने हितों की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर है। आज इन कर्मचारियों ने पंचकूला जल संसाधन एव सिचाई विभाग के मुख्य अभियंता के नाम ज्ञापन सौपते हुए कहा कि संगठन राज्य कार्यकारणी की बैठक 14 सितंबर को रोहतक में हुई थी जिसमें निर्णय लिया गया था कि यदि बातचीत से समस्याओं का समाधान नहीं होता तो संघर्ष ओर अधिक तेज किया जाएगा।



## दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़ । राजकीय** महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनके सर्वांगीण विकास करना है। इस अवसर पर प्राचार्य संजय जोशी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में उन्हें बढ़-चढ़कर भाग लेते रहना चाहिए। प्रतियोगिता के पहले दिन पोस्टर मेकिंग ,पेंटिंग , रंगोली, क्ले मॉडलिंग ,कार्टूनिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मेहंदी तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पारुल ने प्रथम , रूपा ने द्वितीय तथा ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में मिताली ने प्रथम , पायल ने द्वितीय तथा रितु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में प्रथम स्थान पर रितु ,द्वितीय स्थान पर राधिका तथा तृतीय स्थान पर नंदिनी रही। क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान पर पारुल, द्वितीय स्थान पर मौसम तथा तृतीय स्थान पर दीपिका रही। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राशि, द्वितीय स्थान पर मेघा तथा तृतीय स्थान पर नेहा रही। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ममता ,द्वितीय स्थान पर अंशु तथा तृतीय स्थान पर राधिका रही।



# नौ दिसंबर तक वोट बनवाने वाले नए मतदाताओं को मिलेगा लैपटॉप और स्मार्टफोन: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद** (हरपाल सिंह यादव )। डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नौ दिसंबर तक नए वोट बनवाने वाले युवा मतदाताओं कों को उपहार दिए जाएंगे। हरियाणा निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एक अक्टूबर से नौ दिसम्बर तक वोट बनवाने वाले युवा मतदाताओं को पांच जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से ड्रा निकालकर लैपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिए जाएंगे। डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवाओं को वोट बनवाने को लेकर



प्रोत्साहित करने के लिए यह बेहद सराहनीय कदम उठाया है। निर्वाचन आयोग के निर्णय के अनुसार एक अक्टूबर से नौ दिसम्बर तक वोट बनवाने वालों को पांच जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से ड्रा निकालकर लैपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को तीन लैपटॉप, दो स्मार्टफोन तथा 100 पेन ड्राइव उपहार में दिए जाएगें। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विक्रम सिंह ने कहा कि जिन युवाओं का जन्म दो जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है, वे वोटर हेल्पलाइन पर ऑनलाइन फॉर्म छह भरकर मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही आकर्षक इनाम भी पा सकते है। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती निवार्चन आयोग द्वारा उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

वोट बनवाने के लिए जरूरी कागजातः-

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है, और अपना वोट बनवाने के लिए पात्र है।

उन्हें वोट बनवाने के लिए स्थाई आवास का पता, जन्म तिथि तथा पासपोर्ट साईज का फोटो सहित तीनों की फोटो प्रतियां फार्म छह के साथ लगानी होंगी। उन्होंने आगे बताया कि ऑनलाईन मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से तथा ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकते हैं। इस प्रकार मतदाताओं के लिए आयोग द्वारा दोनों तरह सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि वोट बनवाने के लिए किसी भी तरह की दिक्कतें आती हैं तो वे वोटर हेल्पलाइन नम्बर 1950 तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

वोट बनवाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजनः-

डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर चार से पांच नवम्बर तथा दो से तीन दिसम्बर को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। वहीं इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म-6 भरवाने का कार्य करेंगे। इसके बाद पांच जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उसमें इन उपहारों को शामिल किया जाएगा।

# पात्र अपंजीकृत व्यक्तियों को वोटर कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित करें: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। एडीसी कम सहायक निर्वाचन अधिकारी एनआईटी-86 विधान सभा क्षेत्र आनंद शर्मा ने कहा कि सभी पात्र अपंजीकृत व्यक्तियों विशेषकर युवाओं तथा महिलाओं को आगामी लोकसभा आम चुनाव से पहले मतदाता सूची से जोड़ने के लिए 11 व 12 अक्टूबर को मतदान केन्द्रों पर विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इन कैम्पों में उक्त पात्र अपंजीकृत कैंडिडेटों के वोटर कार्ड बनाएं जाएँगे। एडीसी श्री शर्मा आज मंगलवार को 86-एनआईटी विधान सभा क्षेत्र के चुनाव सुपरवाइजरों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में उन्हें संबोधित कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने



सभी सुपरवाइजरों दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव से सम्बंधित सभी कार्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों को ध्यान में रखकर समयानुसार करना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची बनाने के कार्य कर रहे अधिकारी और कर्मचारी आपस में तालमेल करके बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाइजर अपनी निगरानी में बीएलओ के माध्यम से होम-टू-होम सर्वे का कार्य करवाना सुनिश्चित करें व कुल मतदाताओं के साथ-साथ उन घरों में पुरुष और महिला वोटरों की संख्या भी रिकॉर्ड में दर्ज कर उनका विवरण भी फार्मेट में भरकर देना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### तिगांव क्षेत्र में नहीं दिख रहा भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार का विकास : ललित नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। तिगांव क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को जानने के लिए कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं नूंह जिले के प्रभारी ललित नागर द्वारा शुरू की पदयात्रा को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग सडकों पर उतरकर अपनी समस्याओं का दुखड़ा सुना रहे है और सरकार व प्रशासन को कोसने लगे है। इसी कड़ी में पूर्व विधायक ललित नागर ने पदयात्रा के तहत टीटू कालोनी, धीरज नगर, अजय नगर, गिरदावर एंक्लेव आदि क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने बारीकि से लोगों की समस्याओं को जाना। इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक श्री नागर को बताया कि उनके यहां की अधिकतर सडकें टूटी पड़ी है और गंदे पानी से लबालब है, जिसके चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतें आती है वहीं यहां पीने के पानी की भी भारी कि ल्लत है, निजी टैंकरों से लोग पानी खरीदने को मजबूर है और सीवरेज की बात करें तो यहां सीवरेज प्रणाली बुरी तरह से प्रभावित है, ओवरफ्लो पानी लोगों के घरों व सडकों पर बहता रहता है, जिसके चलते यहां डेंगू, मलेरिया के मच्छर पनपने लगे है लेकिन प्रशासन ने यहां फॉगिग तक नहीं करवाई। बिजली की तारें अस्त-व्यस्त पड़ी है, जिनसे हादसा होने का डर बना रहता है वहीं ट्रांसफार्मर पर अत्याधिक लोड होने की वजह से लाईन लॉस होता रहता है, जिससे गर्मी में लोग परेशान होते है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है, जिनसे बदबू आती रहती है और लोग बीमार हो रहे है। कालोनी में रजिस्ट्री पावर अटार्नी भी प्रशासन द्वारा बंद कर दी गई है, जिससे लोगों को मकान-दुकान खरीद-फरोख्त में परेशानी होती है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार तिगांव क्षेत्र का विकास करवाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है, आज जनता बुनियादी सुविधाओं को लेकर सडकों पर उतरने को मजबूर हो रही है, लेकिन सरकार व प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। उन्होंने कहा कि कितनी बड़ी विंडबना है कि इस जिले के दो-दो मंत्री होने के बावजूद यहां विकास नहीं हो रहा, लोग बुनियादी सुविधाओं की कमी से त्राहि-त्राहि कर रहे है, लेकिन कोई जनता की सुध लेने वाला है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान उन्हें कहीं भी भाजपा का विकास नहीं दिखा, हर तरफ समस्याएं बनी हुई है, ऐसा लगता है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। श्री नागर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों की आवाज बनकर उनकी समस्याएं सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार व प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर जल्द ही लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ सरकार की ईट से ईट बजाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अनिल बैंसला, बालकिशन वशिष्ठ, रविन्द्र वशिष्ठ, कमल चंदीला, संजय कौशिक, रिजवान आजमी, अखिलेश शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### प्लास्टिक एकत्रीकरण व रिसाइक्लिंग पर डी.ए वी. शताब्दी महाविद्यालय में जागरूकता अभियान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय ने 'भारत सोका गकाई' के साथ मिलकर प्लास्टिक एकत्रीकरण ० रिसाइक्लिंग अपनाने के लिए एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया । सोका गकाई का मतलब ऐसे समाज से है जिसमें मूल्यों का निर्माण हो`इस अभियान का मुख्य लक्ष्य दिल्ली एन.सी.आर. से पच्चीस टन (25000) प्लास्टिक को एकत्र करना ० जिम्मेदारी से इसे दोबारा इस्तेमाल करना रहा` जिससे शहर में बढ़ने वाली प्लास्टिक गंदगी को कम किया जा सके । यह अभियान तीन अक्तूबर से नौ अक्तूबर तक आयोजित किया गया` इस अभियान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया` महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सावित भगत ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग दिया ० सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया । भारत सोका गकाई के प्लास्टिक संग्रह अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में चेयरपर्सन विशेष गुप्ता तथा इंटरनल हेड जया राव ने डी.ए.वी. महाविद्यालय की भागीदारी की सराहना की । इस अभियान की संयोजिका डॉ. सोनिया नरुला रहीं।

# चेक बाउंस मामले में अदालत में नही हुआ हाजिर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना मुजेसर प्रभारी सुरेन्द्र सिंह की पुलिस टीम ने चेक बाउंस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम जयराज है। आरोपी तमिलनाडू के कृष्णागिरी जिले के होसुर का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने रेकी कर तमिलनाडू के होसुर से गिरफ्तार किया है।

# यूथ रेडक्रॉस शिविर के दूसरे दिन युवाओं को कई विषय पर किया गया जागरूक

**दुष्प्रभाव**

8 मोबाइल फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक विकिरणों से डीएनए क्षतिग्रस्त हो सकता है

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। उपायुक्त एव अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार एवं सचिव श्री विजेंद्र सौरोत के मार्गदर्शन में डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एन आई टी 3, फरीदाबाद के प्रांगण मे चल रहे यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का आरंभ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी



सचिव बिजेन्द्र सोरोत के मार्गदर्शन व में जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी के नेतृत्व में हुआ। प्रवक्ता श्रीमती मीनू कौशल के द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित, महिलाओं को पारिवारिक सहायता नहीं मिलती है तो जीवन यापन करने के सभी रास्ते बंद हो जाते है एवं ऐसी कठिन परिस्थितियों के लिए परिवार एवं समाज में पुर्नस्थापित होने हेतु विशेष सहयोग की आवश्यकता होती है। यदि किसी भी पीड़ित महिला की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ दिया जाए तो वह स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार का भी भरण पोषण कर सकती है। प्रवक्ता नेहरू कॉलेज श्रीमति जन्नत खत्री के द्वारा मोबाइल के दुष प्रभावों के बारे में सभी प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए बताया कि मोबाइल फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक विकिरणों से डीएनए क्षतिग्रस्त हो सकता है। इसके अलावा मोबाइल का अधिक इस्तेमाल आपको मानसिक रोगी, कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, डायबिटीज, हृदय रोग आदि कई बड़ी बीमारियों भी दे सकता है। मोबाइल फोन आज व्यक्ति की आदत बन गई है। कोई भी व्यक्ति मोबाइल के बिना अपने आप को अधूरा मानने लगता है। इसलिए मोबाइल फोन का कम से काम उपयोग करना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद के प्रतिनिधि श्री रविंदर गुप्ता, अधिवक्ता द्वारा अधिनियम और कानून के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अधिनियम और कानून शब्द अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं, क्योंकि वे बहुत हद तक एक जैसे हैं।

अधिनियम और कानून में अंतर यह है कि अधिनियम विधायी शाखा द्वारा पारित किया जाता है, लेकिन एक कानून सरकार द्वारा लागू नियमों और विनियमों का एक समूह है।

# इनसो ने बंद छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर सिटी मैजीस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।हरियाणा में बंद प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव बहाल करवाने की मांग को लेकर आज इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स आगेर्नाइजेशन के जिलाध्यक्ष रवि शर्मा के नेतृत्व में इनसो छात्रों ने सिटी मैजीस्ट्रेट अमित मान को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर इनसो जिलाध्यक्ष रवि शर्मा ने बताया कि छात्र संघ चुनाव को रोकना एक तरह से छात्रों के हको पर कुठाराघात करना है। इनसो ने सदैव छात्र हितों की लड़ाई लड़ी है। जजपा के महासचिव पूर्व इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह चौटाला जी ने



स्वयं इस लड़ाई को लडकर के स्टूडेंट इलेक्शन बहाल करवाए थे।

रवि शर्मा ने बताया कि छात्र संघ चुनाव से ही भविष्य के नेता उभरते है और राजनीती को युवा, शिक्षित कुशल नेतृत्व मिलता है। छात्र संघ चुनाव से ही गरीब, किसान, कमेरे परिवार का युवा राजनीती में प्रवेश कर सकता है।

# दहेज के मामले में पीओ चल रहे आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने दहेज के मामले में पीओ चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम युसुफ है आरोपी नहूं जिले के शिकारपुर गांव का रहने वाला है । आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से तावडू के वाई पास रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की वर्ष 2010 में शादी हुई थी।

# लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल और रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद ने मिलकर 11 स्ट्रेचर अस्पताल को भेंट किए



**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। फरीदाबाद जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल और रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सौजन्य से 11 स्ट्रेचर अस्पताल को मदद के रूप में भेंट किए गए। इस मौके पर जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डॉ सविता यादव विशेष रूप से मौजूद रही। लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की और से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप सिंगल ने और चीफ कोर्डिनेटर आर के चिलाना ने उनका बुके द्वारा स्वागत किया। इस मौके पर फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एन के गुप्ता ने आए हुए सभी लायंस मेंबर्स शिव कुमार अग्रवाल , चेयरमैन लायन आर के गुप्ता , चीफ कोर्डिनेटर लायन आर के चिलाना , लायन एस एम नागपाल , लायन जय प्रकाश गुप्ता , लायन मुकेश अरोरा , लायन सतीश परनामी सहित सभी लायन मेंबर्स का पहुंचने पर स्वागत किया। और लायन क्लब द्वारा हो रहे विभिन्न समाजसेवा से जुड़े प्रोजेक्ट की जानकारी दी।

इस अवसर पर 11 स्ट्रेचर अस्पताल को मदद के रूप में भेंट करते हुए गवर्नर लायन प्रदीप सिंगल ने कहा की फरीदाबाद काफी बड़ा शहर है और जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में रोजाना हजारों की संख्या में लोग यहां इलाज के लिए आते है अस्पताल प्रशासन अपनी और से जितना हो सकता है मरीजों का इलाज करने का प्रयास करता है सभी लोगों को वो सुविधा नहीं मिल पाती जो उन्हें मिलनी चाहिए।

अस्पताल की जरूरतों को देखते हुए आज लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की और से 11 स्ट्रेचर अस्पताल को मदद के रूप में भेंट किए गए। जिसमे आर्थिक रूप से मदद करने के लिए सभी लायंस मेंबर्स का और रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद का दिल से आभार प्रकट करते है।

चीफ कोर्डिनेटर लायन आर के चिलाना ने कहा की जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डॉ सविता यादव जी के आदेशानुसार इससे पहले भी लायंस क्लब अस्पताल को मरीजों की सुविधा के लिए 11 व्हीलचेयर दे चूका है। और आज 11 स्ट्रेचर अस्पताल को मदद के रूप में भेंट कर रहा है।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विव को मिला 'नेशनल इमर्जिंग यूनिवर्सिटी अवार्ड'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को 'नेशनल इमर्जिंग यूनिवर्सिटी अवार्ड' से नवाजा गया है। सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा ने कुलपति डॉ. राज नेहरू को यह सम्मान प्रदान किया। भागीदारी जन सहयोग समिति द्वारा दिल्ली में आयोजित इस समारोह में शिक्षा और न्याय के क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय श्रेणी में यह पुरस्कार मिला है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस पुरस्कार



के लिए भागीदारी जन सहयोग समिति के प्रति कृतज्ञता जताई है। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने दोहरी शिक्षा प्राणली के मॉडल को विकसित किया है। इसके माध्यम से न केवल नवाचार हो रहा है, बल्कि कौशल आधारित अन्वेषण को भी बढ़ावा मिला है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि कौशल शिक्षा के माध्यम से बेरोजगारी की चुनौती से पार पाना हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है और उसमें हमें सफलता भी मिल रही है। देश के दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के सामने बेहतर विकल्प और अवधारणा प्रस्तुत करना हमारा उद्देश्य है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल पर चल कर दूसरे संस्थान भी युवाओं को जॉब रेडी बना सकते हैं। उन्होंने कहा प्रगति और उपलब्धियों के सफर में इस तरह के पुरस्कार प्रोत्साहन का काम करते हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार देने के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू ने भागीदारी जन सहयोग समिति के मुख्य संस्थापक एवं गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर के. के. अग्रवाल, संरक्षक डॉ. राजेंद्र धर और महा सचिव विजय गौड़ सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया।

# मानव रचना में एसओएस प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। भारत सोका गकाई (बीएसजी) और मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (एमआरईआई) के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'स्कूलथॉन ऑन सस्टेनेबिलिटी (एसओएस)' प्रतियोगिता का ग्रैंड फाइनल मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) परिसर में आयोजित किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नीति आयोग से वरिष्ठ सलाहकार श्री संजीत सिंह, अतिरिक्त निदेशक (शिक्षा) दिल्ली सरकार डॉ. प्रांजल पाटिल, अभिनेता श्री मानव गोहिल, भारत सोका के अध्यक्ष श्री विशेष गुप्ता, उपाध्यक्ष एमआरईआई डॉ. अमित भल्ला



शामिल रहे। बीएसजी और एमआरईआई की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता का मकसद युवा पीढ़ी के बीच वैश्विक चुनौतियों के लिए महत्वपूर्ण सोच और नवीन स्थिरता समाधानों को प्रेरित करना रहा। इसमें देशभर से करीब 150 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 24 फाइनल में पहुंची। फाइनल में 12 विजेताओं का चयन किया गया और हर टीम को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रायोजकों के तौर पर फ्रूवेला इंडिया, क्रेमिका फूड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, द व्हाइट टीक कंपनी और सर्वोदय हेल्थकेयर शामिल रहे। एसओएस ने युवा छात्रों को विभिन्न विषयों पर विचार साझा करने और एक-दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कई बेहतरीन नए विचार सामने आए जोकि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार साबित होंगे। मौके पर श्री संजीत सिंह ने कहा, "सभी 17 एसडीजी को संबोधित करने के लिए इन्हें मानवीय व्यवहार को अपनाने की आवश्यकता है। ये लक्ष्य जीवन के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं और दुनिया पर हमारे दैनिक कार्यों के प्रभाव को दशार्ते हैं। डॉ. प्रांजल पाटिल ने कहा, "हमारे द्वारा आज उठाए गए कदम हमारे कल के भविष्य का फैसला करेंगे। इसलिए जरूरी है कि बेहतरीन कल के लिए आज से ही शुरूआत की जाए। श्री मानव गोहिल ने कहा, ह्लसतत विकास लक्ष्य बेहद जरूरी है। भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक आंदोलन की जरूरत है। जिससे कि मानसिकता को बदलने की दिशा में प्रयास किए जा सकें। बीएसजी चेयरपर्सन श्री विशेष गुप्ता ने प्रतियोगिता के मकसद को बताते हुए सभी भाग लेने वाली टीमों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ह्लहमारे स्कूल टिकाऊ भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# सुधांशु जी महाराज के दिव्य भक्ति सत्संग स्थल पर किया गया भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। परम पूजनीय श्री सुधांशु जी महाराज के पावन सानिध्य में होने वाले चार दिवसीय दिव्य भक्ति सत्संग स्थल पर प्रधान राजकुमार अरोड़ा,उप प्रधान एचबी भाटिया, सचिव डॉक्टर आर.बी बारी,वरिष्ठ उप प्रधान जेपी अग्रवाल ने पूरे विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रधान राजकुमार अरोड़ा ने बताया कि आगामी 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक परम पूजनीय श्री सुधांशु जी महाराज अपने ओजस्वी प्रवचनों की वर्षो अपने



भक्तों पर करेगें। उन्होनें बताया कि 12,13 और 14 को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक विशेष मंत्र सिद्धी साधना और प्रातःकाल मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। राजकुमार अरोड़ा ने बताया कि 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर को सांय 5 बजे से 7 बजे तक दिव्य भक्ति सत्संग होगा। उन्होनें कहा कि भक्ति सत्संग में सपरिवार व ईष्ट मित्रों सहित पधार कर भक्ति लाभ प्राप्त करें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 11 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## कावेरी: डीएमके पदाधिकारी के वायरल वीडियो से नया विवाद

**चेन्नई:** सत्तारूढ़ डीएमके पदाधिकारी की एक वीडियो वायरल है जिसमें सहयोगी दलों के सदस्यों से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष खड़ा करने का "भ्रम पैदा करने" के लिए कहा जा रहा है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई ने इसे जनता को धोखा देने वाला कारनामा बताया है। दरअसल, बुधवार को कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक सरकार के खिलाफ डेल्टा जिलों में द्रमुक और उसके सहयोगियों के स्थानीय पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में किसान संघों और कई राजनीतिक दलों ने सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं जारी करने को लेकर कर्नाटक सरकार के विरोध में नागापट्टिनम, मयिलादुथुराई, तंजावुर और तिरुवरुर जैसे डेल्टा जिलों और चार पड़ोसी जिलों में बंद के आह्वान पर चर्चा की गई। इसी दौरान बैठक की एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें मयिलादुथुराई के डीएमके जिला सचिव और पूमपुहार विधायक निवेधा एम. मुरुगन, मयिलादुथुराई कांग्रेस विधायक एस. राजाकुमार समेत कई लोग शामिल थे। वीडियो में डीएमके के उप-जिला सचिव एम. ज्ञानवेलन को यह कहते हुए सुना गया, हमें कांग्रेस का विरोध करने का भ्रम पैदा करना चाहिए और एआईएडीएमके एडप्पादी के पलानीस्वामी-भाजपा की राजनीति को खत्म करना है। यही हमारी रणनीति होनी चाहिए। हम तभी आगामी लोकसभा चुनाव जीत सकते हैं, जब अपनी एकता दिखाने के लिए ऐसा करेंगे।" भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने इस वीडियो को साझा कर कहा, डीएमके-कांग्रेस गठबंधन की बात सभी लोग जानते हैं। तमिलनाडु के लोगों को धोखा देने का पुराना इतिहास है। अन्नामलाई ने आरोप लगाया कि डीएमके सिर्फ चुनाव जीतने के लिए नाटक कर रही है।

## 'शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे अनुसूचित जाति के छात्र'

**नई दिल्ली**

**अनुसूचित** जाति के छात्रों की शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) शुरू की है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार, श्रेष्ठ का प्राथमिक उद्देश्य सरकारी विकास पहलों की पहुंच का विस्तार करना और शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति के छात्रों को आगे बढ़ाना है। इस योजना का लक्ष्य गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा संचालित अनुदान-प्राप्त संस्थानों और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने वाले आवासीय विद्यालयों के सहयोग से इसे हासिल करना है। श्रेष्ठ अनुसूचित जाति के छात्रों के भविष्य के अवसरों को सुरक्षित करते हुए उनके सामाजिक आर्थिक उत्थान और समग्र विकास के लिए वातावरण बनाने की कल्पना करती है।

## फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट के लिए युवक ने सैकड़ों व्यापारियों को ठगा

**रामगढ़।** जिले में फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट के नाम पर सैकड़ों व्यापारियों को ठगा गया है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब मंगलवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री जांच करने के लिए दुकानदारों के पास पहुंची।

# 6 लाख से अधिक नौजवानों को दी नौकरी: योगी

### सीएम योगी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया

नियुक्ति

> ये नौजवान पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ मिलकर कार्य करेंगे तो उत्तर प्रदेश को कोई बीमारू नहीं रख सकता



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार विगत 6 वर्ष में 6 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। ये नौजवान पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ मिलकर कार्य करेंगे तो उत्तर प्रदेश को कोई बीमारू नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर यूपी को एक समर्थ और समृद्ध राज्य बनाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग के परिणाम आने में डेढ़ से 2 साल लग जाते थे, लेकिन अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से 6 महीने से 9 महीने के अंदर परिणाम दे रहा है। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का आयोजन हुआ। इससे प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे एक करोड़ से अधिक नौजवानों को नौकरी मिलेगी। आज उत्तर प्रदेश देश के अंदर नए रोजगार सृजन का गंतव्य बनकर उभर रहा है। सीएम योगी ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यात्रा शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। इसी का नतीजा है कि ट्रेडिशनल मेडिसिन के क्षेत्र में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद हमेशा से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग प्राचीन काल से भारत की परंपरा के साथ जुड़ा रहा है। होम्योपैथ का उपयोग गांवों में लोग किसी न किसी रूप में करते रहे हैं। लेकिन पहली बार, आयुर्वेद, योग, प्रकृति चिकित्सा, सिद्धा और होम्योपैथ को मिलाकर जब आयुष मंत्रालय का गठन होता है तो इससे भारत की ट्रेडिशनल मेडिसिन को एक नई पहचान मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि कोविड कालखंड में आयुष काढ़ा लोगों का सहारा बना। 2014 के बाद जिस तरह से इस दिशा में कार्य होना प्रारम्भ हुआ, आज उसी का परिणाम है कि देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष की अलग-अलग विधाओं में डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज प्रारंभ हो सके इसके लिए प्रदेश में आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि पहले आयुर्वेद के लिए चयनित फार्मासिस्ट को सरकारी नौकरी नहीं दी जाती थी, लेकिन आज यह सरकारी व्यवस्था का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयुष की सभी विधाओं को प्रोत्साहित कर रही है।

### चयनित फार्मासिस्ट से सीएम योगी ने किया संवाद

**कार्यक्रम** में सीएम योगी ने चयनित हुए कुछ होम्योपैथिक फार्मासिस्ट से संवाद भी किया। इस दौरान हरदोई के मोहम्मद आरिफ ने अपने चयन पर भावुक होते हुए बताया कि वह अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं, जिनका चयन सरकारी सेवा में हुआ है। उन्होंने सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वह अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करेंगे। प्रयागराज के विवेक मिश्र ने कहा कि उनका चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत हुआ है। इसके लिए सीएम योगी का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि विभाग और सरकार द्वारा दिए गए सभी कार्यों को वह पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। देवरिया की संजना भारती ने कहा कि सीएम योगी द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वह किसान परिवार से हैं। बचपन से ही उनका सपना था कि वह आत्मनिर्भर बनें और सीएम योगी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अपनाई गई निष्पक्ष एवं पारदर्शी नीति की वजह से आज उनका यह सपना पूरा हो पाया है। संजना ने कहा कि अब वह गर्व से कह सकती हैं कि आत्मनिर्भर प्रदेश की आत्मनिर्भर बेटी बन चुकी हैं। कार्यक्रम में आयुष विभाग के मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव आयुष विभाग दीना जौहरी, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, राजधानी लखनऊ के जनप्रतिनिधि और आयुष विभाग के अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सेफ सिटी: 20 धार्मिक स्थलों को मिलेंगे पिंक बूथ




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**सेफ सिटी परि**योजना के तहत प्रदेश भर की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश भर में तीन हजार पिंक बूथ और सभी 10417 महिला बीटों को पिंक स्कूटी देने का फैसला किया था। वहीं परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहरों के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ के निर्माण का निर्णय लिया गया था जबकि 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 1100 महिला बीट आरक्षियों को इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। पहले चरण में पिंक बूथ निर्माण और इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया गया था। इस पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने एक प्रस्ताव बनाकर शासन को उपलब्ध कराया है, जिस पर मुहर लगते ही इसे धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में सेफ सिटी परियोजना तीन फेज में पूरी की जानी है। इसमें पहले फेज में 17 नगर निगमों के साथ गौतमबुद्धनगर शामिल है। वहीं दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालय की नगर पालिकाओं और तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाएगा।

महिला सुरक्षा

> योगी सरकार ने 550 थानों की 1100 महिला बीट आरक्षियों को दी जाएगी पिंक स्कूटी

**550 थानों को सौंपी जाएगी 1100 पिंक स्कूटी:** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी बीपी जोगदंड ने बताया कि सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहर के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ का निर्माण किया जाएगा। इसमें वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, मीरजापुर, मथुरा, गोरखपुर, आगरा, बलरामपुर और चित्रकूट शामिल हैं।



एशियाई खेलों के पदक विजेता गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के साथ अन्य खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में।

## राजस्थान चुनाव: 18 को जारी होगी कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज कहा कि 18 अक्टूबर तक राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। गहलोत मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर गहलोत ने कहा कि 18 अक्टूबर के आसपास कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक होगी। इस दौरान हम राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों पर निर्णय लेंगे। उसके बाद उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पुनः सरकार बनाने जा रही है। राज्य की जनता कांग्रेस की योजनाओं से खुश है।

लिस्ट तैयार!

> हम राजस्थान चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों पर निर्णय लेंगे। उम्मीदवारों की सूची जारी होगी

## ईडी ने चीनी फोन निर्माता कंपनी वीवो के खिलाफ की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय यानी ईडी ने चीनी फोन निर्माता कंपनी वीवो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने धन-शोधन निवारण अधिनियम के तहत लावा इंटरनेशनल कंपनी के एमडी और एक चीनी नागरिक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**ईडी ने 10 लाख नकदी किया था बरामद:** मालूम हो कि ईडी ने नौ अक्टूबर को आरोपियों के परिसरों पर छापेमारी कर 10 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की थी।

## दो डिग्री और बढ़ा टेम्प्रेचर तो जनता के लिए जानलेवा होगी गर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वैश्विक** तापमान अगर पूर्व-औद्योगिक स्तर से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है, तो उत्तर भारत और पूर्वी पाकिस्तान में रहने वाले लगभग 2.2 अरब (220 करोड़) लोगों को लंबे समय तक मानव की सहनशीलता से अधिक गर्मी का अनुभव हो सकता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज (पीएनएएस) जर्नल में प्रकाशित शोध से संकेत मिलता है कि ऐसे परिदृश्य में उत्तर भारत,



पूर्वी पाकिस्तान, पूर्वी चीन और उप-सहारा अफ्रीका को मुख्य रूप से उच्च आर्द्रता (हाई ह्यूमिडिटी) वाली गर्म हवाओं का सामना करना पड़ेगा। उच्च आ?र्द्रता वाली गर्म हवाएं अधिक खतरनाक हो सकती हैं क्योंकि हवा अतिरिक्त नमी को कुशलतापूर्वक अवशोषित नहीं कर सकती। वाष्पित करने की क्षमता को सीमित करती है और कूलर जैसे उपायों की नमी की मात्रा को प्रभावित करती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि इस क्षेत्र में निम्न-से-मध्यम आय वाले देश हैं, जिसका अर्थ है कि कई प्रभावित व्यक्ति अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के लिए एयर कंडीशनिंग या अन्य प्रभावी उपायों से वंचित रह सकते हैं।

साधा निशाना | प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-कांग्रेस के खून में अंग्रेजों के जींस, विभाजन उसका मूलचरित्र

## कांग्रेस का हाथ जिहादियों के साथ: विष्णुदत्त शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**इजराइल पर** आतंकियों के बर्बर हमले से देश की जनता स्तब्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हमले पर पर दुख व्यक्त किया है और इस संकट की घड़ी में इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस इस मामले में देश के अधिकृत स्टेंड से अलग जा रही है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने आतंकियों के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया है। कांग्रेस का यह रवैया नया नहीं है, बल्कि कांग्रेस का हाथ हमेशा से



आतंकवादियों, नक्सलवादियों और जिहादियों के साथ रहा है। यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारां से बातचीत में कही। उन्होंने कांग्रेस के इस रवैये की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जनता ही कांग्रेस की इस समस्या का इलाज करेगी।

**हमेशा देश विरोधियों के साथ खड़ी रही कांग्रेस:** शर्मा ने कहा कि देश विरोधियों, आतंकवादियों के प्रति हमदर्दी कांग्रेस की पुरानी आदत है। जो देश के लिए खतरनाक हैं, देश पर हमला करते हैं, कांग्रेस उनके लिए प्रेम दिखाती रही है। कांग्रेस के लोग वैश्विक आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ओसामा जी कहते हैं, तो मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को हाफिज साहब कहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के लिए सोनिया गांधी ने जहां लगातार आंसू बहाए, वहीं, मि. बंटाढार दिग्विजयसिंह तो उस मुठभेड़ को ही फर्जी बताते रहे। कांग्रेस के लोगों ने सिमी को समर्थन दिया, कर्नाटक चुनाव के

